RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक
# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।
निष्पक्ष कलम - निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्ष: 17 | अंक: 253 | पेज: 8 | मूल्य 01 रु. | जयपुर, बुधवार 5 अप्रैल, 2023 | Email: garibonkasitara@gmail.com


**सुविचार**

कभी भी किसी को भला बुरा कहने से पहले यह अवश्य सोच ले कि यदि वही शब्द कोई आपसे कहे तो आपको कैसा प्रतीत होगा।

### डोनाल्ड ट्रम्प पर 34 आरोप लगे

# कोर्ट में पेशी के दौरान बोले- कोई अपराध नहीं किया; पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति फ्लोरिडा रवाना हुए

गरीबों का सितारा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को पॉर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स के साथ अफेयर और फिर उसे पैसे देकर चुप कराने के मामले में कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान उन पर 34 क्रिमिनल चार्ज लगाए गए। हालांकि, कोर्ट ने ट्रम्प को जमानत दिए जाने या गिरफ्तारी से जुड़ा कोई फैसला नहीं सुनाया। उठठ की रिपोर्ट के मुताबिक, इस मामले में अगली सुनवाई 4 दिसंबर को होगी। 34 मामलों में आरोपी बनाए जाने पर ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने कोई अपराध नहीं किया है। न ही उन्होंने अपने बिजनेस रिकार्ड में कोई गड़बड़ी नहीं की है। 57 मिनट चली पेशी के बाद ट्रम्प कोर्ट से बाहर आए और फ्लोरिडा के लिए रवाना हो गए। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प भारतीय समयानुसार सुबह 5:45 बजे फ्लोरिडा स्थित घर 'मार-ए-लागो' में मीडिया को संबोधित करेंगे।



### कोर्ट में वीडियोग्राफी पर रोक

मैनहैटन कोर्ट में सुनवाई के दौरान वीडियोग्राफी पर पाबंदी है। कार्यवाही शुरू होने से पहले स्टिल फोटोग्राफर्स के 5 ग्रुप को कुछ मिनट तक फोटोज खींचने की इजाजत दी गई थी। इस पर जज मर्चेन ने कहा था- अमेरिका में पहली बार किसी पूर्व राष्ट्रपति पर क्रिमिनल चार्ज लगाए गए हैं। ऐसे में हम किसी विवाद का रिस्क नहीं ले सकते। इसलिए कोर्ट रूम में किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की अनुमति नहीं दी जाएगी। इससे पहले ट्रम्प के वकीलों ने उनके सरेंडर के दौरान कोर्ट में वीडियो या फोटोग्राफी पर पाबंदी लगाने की मांग की थी। कोर्ट को लिखे एक लेटर में उन्होंने कहा था- ट्रम्प पर क्रिमिनल केस को लेकर देश में पहले ही सर्कसनुमा माहौल बना हुआ है। ऐसे में सरेंडर की मीडिया कवरेज इसे और खराब करेगी। इससे कोर्ट रूम की गरिमा कम होगी।

### कांग्रेस इलेक्शन कमेटी की मीटिंग खत्म

## कर्नाटक चुनाव के लिए प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट आज आएगी; राहुल भी शामिल हुए



गरीबों का सितारा

**बेंगलूरु।** कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर दिल्ली में मंगलवार को कांग्रेस की इलेक्शन कमेटी की बैठक हुई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत बैठक में राहुल गांधी और सीनियर लीडर मौजूद थे। बैठक में चुनावी कैंपेन और बाकी बची सीटों को लेकर चर्चा हुई। पार्टी के राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने बताया कि, 'कांग्रेस की केंद्रीय चयन समिति और स्क्रीनिंग कमेटी की आज बैठक हुई। सर्वसम्मति से कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की दूसरी सूची तैयार कर ली है जिसे आज जारी कर दिया जाएगा।' बता दें कि कर्नाटक विधानसभा की 224 सीटों के लिए कांग्रेस ने अब तक 124 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी थी। बाकी बची 100 सीटों के लिए कर्नाटक में पार्टी के अध्यक्ष डी शिवकुमार और पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने सीनियर लीडर्स से चर्चा की। वहीं बैठक से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बैठक को लेकर मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि कमेटी सबकी सहमति से फैसला लेगी। ऐसे उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा जो जीत सकते हैं।

# सिक्किम में एवलांच, 7 टूरिस्ट की मौत : चीन बॉर्डर पर हादसा

### BRO ने 23 पर्यटकों को रेस्क्यू किया, इनमें 11 गंभीर घायल

गरीबों का सितारा

**सिक्किम(** सिक्किम की राजधानी गंगटोक में मंगलवार को एवलांच (हिमस्खलन) हुआ। इसमें 7 टूरिस्ट की मौत हो गई। मरने वालों में चार पुरुष, दो महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। यह घटना सुबह 11.30 बजे गंगटोक को नाथु ला दर्रे से जोड़ने वाले जवाहरलाल नेहरू मार्ग पर हुई। सेना ने बयान जारी किया- बर्फ के नीचे पांच-छह वाहन फंस गए, जिनमें लगभग 30 लोग थे। शाम चार बजे तक बर्फ से सात शव निकाले जा चुके थे और छह पर्यटकों सहित 23 लोगों को बचा लिया गया था। इनमें 11 की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें गंगटोक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ढट नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सिक्किम में एवलांच में पर्यटकों की मौत पर शोक जताया।



### 14वें माइलस्टोन पर हुआ हादसा

हादसे वाले इलाके में 13वें माइलस्टोन तक जाने का पास जारी किया जाता है। इसके आगे जाने की परमिशन नहीं होती। बताया जा रहा है कि सैलानी जवाहरलाल नेहरू मार्ग पर 14वें माइलस्टोन तक चले गए और यहीं हादसा हो गया। नाथुला दर्रा चीन की सीमा पर स्थित है। प्राकृतिक सुंदरता के कारण पर्यटकों के लिए आकर्षक जगह है। आर्मी के सूत्रों के मुताबिक, जवाहरलाल नेहरू मार्ग पर 14वें पड़ाव पर हुए हिमस्खलन में 25-30 पर्यटक फंस गए थे। बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन ने तेजी से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर-के 22 लोगों को बचा लिया है।

# गहलोत-वसुंधरा कोरोना पॉजिटिव

### सीएम बोले- केस बढ़ रहे हैं, सावधानी बरतें; ज्यादातर मरीजों में नया वैरिएंट मिला





गरीबों का सितारा

**जयपुर।** राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व सीएम वसुंधरा राजे कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। दोनों को कोरोना के हल्के लक्षण हैं। गहलोत-राजे ने ट्वीट कर पॉजिटिव होने की जानकारी दी। डॉक्टरों की सलाह पर दोनों घर पर आइसोलेट हैं। गहलोत सोमवार को राहुल गांधी और बड़े कांग्रेस के नेताओं से मिले थे। वहीं रविवार को भाजपा के कई बड़े नेताओं ने राजे से उनके घर जाकर मुलाकात की थी और वे खुद भाजपा कार्यालय में विधायक दल सहित कई बैठकों में शामिल हुईं थीं। जयपुर एसएमएस मेडिकल कॉलेज में माइक्रोबायोलॉजी डिपार्टमेंट की एचओडी डॉ. भारती मल्होत्रा के मुताबिक वर्तमान में जिन कोविड पॉजिटिव मरीजों की जीनोम सिक्वेंसिंग की जांच की जा रही है, उसमें 80 फीसदी में नया वैरिएंट इइ 1.16 डिटेक्ट हो रहा है। इसके अलावा 20 फीसदी केस में ओमिक्रॉन और दूसरे वैरिएंट सामने आ रहे हैं।

#### कोरोना केस बढ़ने के पीछे नया वैरिएंट जिम्मेदार

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक देश में कोविड के नए मामलों में बढ़ोतरी के लिए कोरोना का नया वैरिएंट इइ 1.16 जिम्मेदार है। हेल्थ एक्सपर्ट की मानें तो कोरोना के इस स्ट्रेन ने ज्यादा गंभीर रूप धारण नहीं किया है, लेकिन इससे संक्रमित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है और लोगों में हल्के लक्षण भी देखने को मिल रहे हैं। ज्यादातर लोग घर में ही दवाई लेकर ठीक हो रहे हैं।

### आरयू में छात्रों पर लाठीचार्ज

# साढ़े तीन घंटे देर से पहुंचे पंजाबी सिंगर को देखने के लिए बेकाबू हुई भीड़, 25 मिनट ही किया परफॉर्म

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** राजस्थान यूनिवर्सिटी में मंगलवार दोपहर छात्र बेकाबू हो गए। पंजाबी सिंगर परमिश वर्मा के लिए बनाए गए स्टेज के पास का बैरिकेड तोड़ डाला। पुलिस फौरन हरकत में आई और लाठीचार्ज कर छात्रों को खदेड़ा। पुलिस को करीब 25 मिनट के अंदर 3 बार लाठीचार्ज करना पड़ा। मंगलवार दोपहर करीब एक बजे फ्व के छात्रसंघ महासचिव कार्यालय का उद्घाटन बीजेपी के संगठन महामंत्री चंद्रशेखर और जयपुर ग्रेटर की मेयर सौम्या गुर्जर ने किया। महासचिव अरविंद जाजड़ा ने छात्रों के लिए 365 दिन काम करने का वादा किया। जाजड़ा ने कहा- मैंने अब तक छात्रों के लिए खूब लट्ठ खाए हैं। आगे भी यूनिवर्सिटी के छात्रों को मेरी जरूरत पड़ी तो मैं हर मोर्चे पर उनके साथ खड़ा रहूंगा। यूनिवर्सिटी के घूमर मैदान पर हुए उद्घाटन समारोह में पंजाबी सिंगर परमिश वर्मा को बुलाया गया था। वह तीन घंटे लेट से दोपहर करीब साढ़े तीन बजे घूमर मैदान पर पहुंचे। परमिश ने स्टेज पर पहुंचते ही घुटनों के बल बैठकर छात्रों से माफी मांगी। बोला- माफी चाहता हूं मैं देरी से आया। इससे करीब 15 से 20 मिनट पहले वहां मौजूद छात्र बेकाबू हो गए। वहां बनाए गए बैरिकेड तोड़ डाला। पुलिस ने लाठी मारकर छात्रों को भगाया। सिंगर के आने के बाद एक बार फिर दोपहर करीब साढ़े तीन बजे छात्र बेकाबू हुए। पुलिस को फिर लाठी फटकारनी पड़ी। फिर कुछ देर शांत रहने के बाद करीब पौने चार बजे छात्रों ने फिर हुड़दंग मचाना शुरू कर दिया। पुलिस बल ने फिर से लाठी मार-मारकर छात्रों को शांत कराया। हालांकि किसी को भी गंभीर चोटें नहीं आई हैं।



# डॉक्टर्स की हड़ताल समाप्त : आज से फिर से शुरू होगा काम

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** 16 दिन से चल रही डॉक्टर्स की हड़ताल आज खत्म हो गई। जयपुर में राइट टू हेल्थ (आरटीएच) बिल पर मंगलवार को डॉक्टर्स और सरकार के बीच 8 मांगों पर समझौता हो गया है। मुख्य सचिव उषा शर्मा से मीटिंग के बाद इस पर फैसला लिया गया। पाली के डॉक्टर महावीर सुराणा ने बताया कि पाली से भी बड़ी संख्या में निजी हॉस्पिटल के डॉक्टर्स जयपुर गए थे। मंगलवार सुबह 10.30 बजे डॉक्टरों का एक प्रतिनिधि मंडल मुख्य सचिव से वार्ता के लिए उनके निवास पर पहुंचा। सरकार ने हमारी मांगें मान ली है। हम सरकार के ड्रॉफ्ट से संतुष्ट है। बुधवार सुबह 8 बजे से सभी प्राइवेट हॉस्पिटल में मरीजों का इलाज शुरू हो जाएगा। पाली जिले में 13 हॉस्पिटल सरकारी योजनाओं से जुड़े हुए और पूरे जिले में 60-70 हॉस्पिटल है। जो बंद थे। सभी हॉस्पिटल बुधवार से फिर शुरू हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि समझौते के पहले डॉक्टर्स ने महारैली निकाली। पिछले 10 दिन में डॉक्टर्स का ये दूसरा शक्ति प्रदर्शन था। इस रैली के बाद डॉक्टर्स का डेलिगेशन मुख्य सचिव से मिला और फिर अपना आंदोलन खत्म करने का ऐलान किया। पाली से डॉक्टर्स ओपी चौधरी, डॉ भानूप्रताप, डॉ गणपत गहलोत, डॉ मदन राजपुरोहित, डॉ नीरज लोढ़ा, डॉ विक्रम ओझा, महिपाल शर्मा, डॉ प्रवीण जैन, विकास सोमाणी, डॉ रितेन्द्र भंसाली, डॉ अशोक सैनी, डॉ रोजी जोशी, डॉ प्रताप सेणचा सहित कई डॉक्टर जयपुर गए थे।






क्षेत्र का नं. 1 अखबार | हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

# अपना शहर
गरीबों का सितारा

जयपुर

बुधवार, 5 अप्रैल, 2023



| पूर्वानुमान> | बुध | गुरु | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|
| 20° अधिकतम> | 27°c | 29°c | 30°c | 30°c |
| न्यूनतम> | 16°c | 19°c | 19°c | 19°c |

### कोटा जिला प्रभारी मंत्री ने ली बजट घोषणाओं व फ्लैगशिप कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक

# बजट घोषणाओं की क्रियान्विति गुणवत्ता के साथ समय पर हों : चिकित्सा मंत्री मीणा

गरीबों का सितारा



**जयपुर।** चिकित्सा मंत्री एवं कोटा जिला प्रभारी श्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि सभी विभाग राज्य सरकार की बजट घोषणाओं की क्रियान्विति गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा किया जाना सुनिश्चित करें जिससे विकास कार्यों का लाभ आमजन को सरकार की मंशा के अनुरूप मिल सके। श्री मीणा मंगलवार को कोटा के कलेक्ट्रेट सभागार में वर्षवार बजट घोषणाओं एवं फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने पिछले वर्षों की बजट घोषणाओं की क्रियान्विति में देरी पर संबंधित विभागों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिलने से आमजन में गलत संदेश जाता है। अधिकारी गम्भीरता से लेते हुए पिछले वर्षों की बजट घोषणाओं को आगामी जून तक धरातल पर साकार करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों में बड़ी मेहनत के साथ क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण व आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर सरकार से बजट में प्रावधान कराया जाता है। अधिकारियों द्वारा क्रियान्विति में देरी करने से आम लोगों को योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिलता। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को क्षेत्रीय प्रतिनिधियों से सम्पर्क में रहकर सड़क, पेयजल, सिंचाई, चिकित्सा, शिक्षा जैसी बजट घोषणाओं को समय पर गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए। जिला प्रभारी मंत्री ने विभागवार बजट घोषणाओं की वर्ष 2019-20 से लेकर 2022-23 की समीक्षा कर प्रगतिरत कार्यों को समय पर पूरा कराने तथा नवीन बजट घोषणाओं को धरातल पर साकार करने के लिए जिले स्तर के कार्यों को समय पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुल्तानपुर बाईपास निर्माण, खातौली व सुल्तानपुर में गठन प्रक्रिया, कालीसिंध व चम्बल नदी पर प्रस्तावित पुल निर्माण कार्यों को गति प्रदान करने के निर्देश दिए। जिला प्रभारी मंत्री ने विभागवार फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर योजनाओं में पात्र व्यक्तियों को संवेदनशीलता के साथ लाभान्वित करने, योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर आम लोगों तक जानकारी पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नए वित्तीय वर्ष से फ्लैगशिप योजनाओं में आमजन को जो राहत दी गई है उसका लाभ देकर आमजन को समस्याओं को भी दूर करें। उन्होंने जिले में खोले जाने वाले जनता क्लिनिक में स्थानीय जनप्रतिनिधियों से संवाद बनाए रखकर क्रियान्विति करने, चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजनाओं में पात्र लोगों को पंजीयन समय पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना में बैंको द्वारा पात्र व्यक्तियों को ऋण वितरण नहीं करने को गम्भीरता से लेते हुए जिला कलक्टर को निर्देश दिए कि ऐसे सभी बैंकों को पाबन्द करें जिससे लोगों का योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने शहरी रोजगार गारंटी योजना में अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिलाने, पिछले समय जिले में बाढ़ एवं अतिवृष्टि से प्रभावित नागरिकों को मुआवजा राशि वितरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी समय समर्थन मूल्य पर जींस खरीद प्रक्रिया पारदर्शिता से की जाए जिससे किसानों को अपनी उपज बेचने में परेशानी नहीं हो। पीपल्दा विधायक श्री रामनारायण मीणा ने बजट घोषणाओं में नहरों को पक्का करने, मण्डी समिति का गठन, सड़क, पुलिया निर्माण कार्यों, सुल्तानपुर बाईपास निर्माण कार्य समय पर पूरा कराने सहित क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के बारे में सुझाव दिए। प्रधान नईमुद्दीन गुड्डू ने गांवों में पेयजल योजनाओं के लिए चल रहे कार्यों को समय पर पूरा कराने, जनता क्लिनिक शुरू करते समय जनप्रतिनिधियों को जानकारी देने, अधूरे सड़क निर्माण कार्य समय पर शुरू कराने के सुझाव दिए। प्रधान सांगोद श्री जयवीर सिंह ने समर्थन मूल्य पर चना खरीद की मात्रा बढ़वाने एवं खरीद केन्द्र बढ़ाने का सुझाव दिया। समाजसेवी श्री अमित धारीवाल, नगर पालिका चैयरमेन कैथून आईना महक, खादी बोर्ड के उपाध्यक्ष श्री पंकज मेहता, यूआईटी के पूर्व अध्यक्ष श्री रविन्द्र त्यागी ने भी क्षेत्र की समस्याओं एवं प्रगतिरत विकास कार्यों के बारे में सुझाव दिए। जिला कलक्टर श्री ओपी बुनकर ने विभागवार विकास कार्यों, बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तर पर सभी बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन का कार्य कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में बाढ़ प्रभावित 4 हजार 338 नागरिकों को 19 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना में बैंकों में 23 हजार आवेदन भिजवाये गए हैं जिनमें केवल 4 हजार व्यक्तियों को ऋण वितरण किया गया है। सभी विभागीय अधिकारियों द्वारा बजट घोषणाओं एवं फ्लैगशिप कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## गंगापुर रामायण मंडल के द्वारा भव्य सुंदरकांड का आयोजन



**गंगापुर/ दिनेश लक्षकार।** रामायण मंडल के तत्वाधान में ज्ञान जी के चौक स्थित वीर हनुमान बालाजी के मंदिर पर भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया । मंडल के रतन लाल शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर हनुमान जी का भव्य श्रृंगार किया गया और भक्त द्वारा चांदी का मुकुट बनाकर बालाजी को समर्पित किया गया मंडल के वरिष्ठ शंकरलाल लोहिया ने बताया कि नगर में भारतीय संस्कृति और रामायण के प्रति आने वाली युवा पीढ़ी को संस्कार दिए जा सके इसके लिए रामायण मंडल सक्रिय रूप से सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित करता है जिसमें रामनारायण वैष्णव, अरविंद चौधरी, जगदीश झवर, सीए सुनील जोशी,लादू लाल जागेटिया, प्रशांत सिंघवी, किशन वैष्णव ,राजकुमार वैष्णव, राजकुमार सेन ,राजेश समदानी ,पवन समदानी आदि उपस्थि थे।

## विद्यालय राजोली में कार्यरत उप प्राचार्य बाबूलाल बैरवा ने पदोन्नति होने पर किया प्राचार्य पद पर कार्य ग्रहण



**लालसोट /वरुण कामदार।** उपखंड मुख्यालय के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजोली में कार्यरत उप प्राचार्य बाबूलाल बैरवा का प्राचार्य पद पर गठित विभागीय कमेटी द्वारा पदोन्नति कि अभिशंषा करने पर प्राचार्य पद पर पदोन्नत होने पर स्थानीय विद्यालय में मंगलवार को कार्यग्रहण किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रामनिवास मीणा ने बताया कि इन्हें सरकार द्वारा अभी वर्तमान स्थान पर ही कार्यग्रहण के आदेश हुए हैं बाद में इन्हें काउंसलिंग के आधार पर पदस्थापन स्थान दिया जावेगा इस अवसर पर प्रधानाध्यापक संत महाराज की ढाणी जगदीश प्रसाद नापित सहित स्थानीय विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## गेंहू के खेत मे लगी आग, मची अफरा तफरी



**गंगापुर/ दिनेश लक्षकार।** कांगणी ग्राम पंचायत के गाडरी खेड़ा गांव में सोमवार रात खेत में आग लगने से वहां अफरा तफरी मच गई। आग लगने से गेहूं की फसल सहित घास जल गई।जानकारी के अनुसार गाडरी खेड़ा में बालूराम भील के खेत में सोमवार रात को अचानक आग लग गई,जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। खेत से धुआं उठता देख लोगों ने मौके पर पहुंचकर आसपास के जल स्त्रोतों से पानी डाल आग बुझाने की कोशिश की किंतु तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की सूचना पर नगर पालिका गंगापुर के दमकल कर्मी शंकरलाल माली सहित अन्य ने मौके पर पहुंचकर दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया ! किंतु तब तक खेत में रखी गेहूं की फसल, घास,पेड़ पौधे,लकडीया आदि जलकर राख हो गए।

## भाजपा नेता मटलाणा ने कुनाल डीजे साउंड का हुआ शुभारंभ



**लालसोट।** उपखंड मुख्यालय के ग्राम चांदसेन जमात मे कुनाल डी जे साउंड के (मालिक कालू जमात लोडवाल) के डीजे साउंड कि दुकान का भाजपा नेता हरकेश मटलाना भाजपा जिला उपाध्यक्ष दौसा ने फिता काटकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री दौलपुरा बलराम बैरवा, युवा मोर्चा मंडल रामगढ़ पचवारा अध्यक्ष ओमप्रकाश बैरवा, ,दिनेश मीना, गोविंद मालिया, और सभी साथी उपस्थित रहे इस पर कालू जमात ने कहा कि सभी ग्राम वासियों ने मुझे जो मान सम्मान दिया उसके लिए तहे दिल से बहुत-बहुत आभार और धन्यवाद।

## बस्सी विधानसभा क्षेत्र से समाज सेवी रामखिलाडी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया



**बस्सी( रामफूल मीणा)।** मंगलवार को बस्सी विधानसभा क्षेत्र से समाज सेवी रामखिलाडी मीणा का जन्मदिन अरावली पीजी महाविद्यालय बस्सी में धूमनाम से मनाया गया इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार मीणा, सचिव नितेश कुमार मीणा, कोलेज लेक्चर पुरषोत्तम शेखावाटी, सुनिल कुमार, गिर्राज चंदेल, शंकर देवतवाल, अमित कुमार,शंकर गुर्जर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बहुमूल्य खनिजों की एक्स्प्लोरेशन से अब राजस्थान की बनेगी देश-दुनिया में नई पहचान : अतिरिक्त मुख्य सचिव, खनन

गरीबों का सितारा




**जयपुर।** अतिरिक्त मुख्य सचिव खनन, पेट्रोलियम एवं पीएचईडी डॉ. सुबोध अग्रवाल ने कहा है कि परंपरागत खनिजों की खोज व खनन कार्य के साथ ही प्रदेश में गोल्ड, प्रेसियस व सेमी प्रेसियस स्टोन्स, यूरेनियम, रेयर अर्थ एलिमेंट्स, पोटाश आदि के एक्सप्लोरेशन और खनन कार्य को गति देते हुए अब राज्य की देश-दुनिया में पहचान बनाई जाएगी। उन्होंने गोल्ड के साथ ही एमरल्ड, रुबी, कोरंडम, गारनेट, एमेथिस्ट सहित बहुमूल्य खनिजों के एक्सप्लोरेशन कार्य को गति देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश के कुछ हिस्सों खासतौर से टोंक, अजमेर, जयपुर, भीलवाड़ा, उदयपुर, दौसा आदि जिलों में इन खनिजों की संभावाना को देखते हुए एक्सप्लोरेशन कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि राजस्थान विपुल व दुर्लभ खनिज संपदा वाला प्रदेश है। अग्रवाल मंगलवार को नवाचार के तहत माइनिंग और जियोलोजी विंग के अधिकारियों के मासिक वर्चुअल सेशन के माध्यम से खनिज क्षेत्र में राजस्थान सहित देश-दुनिया में हो रहे एक्सप्लोरेशन, माइनिंग तकनीक, डिपोजिट्स और उनकी मांग आदि के संबंध में संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। वर्चुअल संवाद कार्यक्रम में जियोलोजिस्ट श्री इरशाद खान व श्री सुशील कुमार ने राजस्थान में गोल्ड की संभावनाओं को लेकर पीपीटी प्रजेंटेशन दिया। उन्होंने प्रजेंटेशन की सराहना करते हुए इसकी इकोनोमिक्स भी निकालने के निर्देश दिए ताकि एक्सप्लोरेशन और नीलामी के कार्य को गति दी जा सके। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत के निर्देशों के बाद प्रदेश में एक्सप्लोरेशन कार्य को गति दी गई है। हाल ही समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में मेजर मिनरल्स के सर्वाधिक ब्लॉकों की नीलामी की गई है वहीं राजस्व अर्जन में भी नया रिकॉर्ड बनाया गया है। उन्होंने बताया कि माइंस विभाग, जीएसआई, एमईसीएल सहित विभिन्न संस्थाओं द्वारा प्रदेश में किए जा रहे एक्सप्लोरेशन कार्य में प्रदेश में गोल्ड के साथ ही आरईई, गारनेट, एमराल्ड, पोटाश, यूरेनियम आदि के भण्डार होने की संभावना जताई जा रही है। उन्होंने बताया कि इसी को देखते हुए अब एक्सप्लोरेशन कार्य को और अधिक गति दी जाएगी ताकि बहुमूल्य खनिजों की खोज व खनन कर प्रदेश की पहचान, राजस्व, रोजगार आदि के अवसर बढ़ाये जा सके। निदेशक माइंस श्री संदेश नायक ने बताया कि प्रदेश में खनिज कार्य को गति देने के लिए रोडमेप बनाकर कार्य किया जाएगा ताकि प्रभावी मॉनीटरिंग और तय समय सीमा में कार्य हो सके। उन्होंने बताया कि राजस्थान के खनिज संपदा के दोहन से विदेशों से आयात पर भी निर्भरता कम की जा सकेगी और देश की जरुरतों को देश में ही पूरा किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि माइनिंग विभाग इस दिशा में योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ रहा है। वर्चुअल बैठक में विभाग के अधिकारियों ने हिस्सा लेते हुए सुझाव साझा किए।

### बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक

## बजट घोषणाओं के कार्यों का शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित करें : सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री



गरीबों का सितारा

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री टीकाराम जूली, ने विभागीय बजट घोषणाओं के कार्यों का शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जूली मंगलवार को शासन सचिवालय में विभागीय बजट घोषणाओं के लम्बित प्रकरणों और कार्यों के क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में कार्यों को पूर्ण करने के लिए समय सीमा निर्धारित करते हुए कार्यवाही प्रारम्भ करें। उन्होंने बजट घोषणाओं की क्रिन्यान्विति में आ रही समस्याओं की जानकारी अधिकारियों से ली और अधिकारियों को समय से घोषणाओं को पूरा करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत द्वारा की गई बजट घोषणाओं के त्वरित क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में डॉ. समित शर्मा, शासन सचिव, निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव श्री हरि मोहन मीना व अन्य विभागीय अधिकारी गण उपस्थित थे।

## राज्य ऊँट संरक्षण के क्षेत्र में बना सिरमौर - 17 हजार से अधिक ऊंट पालकों ने उष्ट्र संरक्षण योजना के तहत किया आवेदन - 0-2 माह के टोडियों के जन्म के अवसर पर दी जा रही प्रोत्साहन राशि



गरीबों का सितारा

**जयपुर।** राज्य पशु ऊँट के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संवेदनशील राज्य सरकार के द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में ष्उष्ट्र संरक्षण योजनाष संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत ऊंट पालकों को सीधे ही उनके खाते में पांच-पांच हजार रुपए की राशि हस्तांतरित की रही है।योजना का उद्देश्य न केवल रेगिस्तान का जहाज ऊँट का संरक्षण करना है बल्कि ऊंट प्रजनन को प्रोत्साहित करना भी है। उल्लेखनीय है कि योजना के अंतर्गत अब तक 17 हजार से अधिक ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हो चुके है. साथ ही योजना अंतर्गत चयनित ऊंट पालकों के खाते में सीधे ही राशि हस्तांतरित की जा रही है। वहीं लाभार्थियों के भौतिक सत्यापन के लिए विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर जाकर ऊँटनी एवं टोडियों के लगाए गए टैग एवं नंबरों की जांच कर ही योजना का लाभ देकर पारदर्शिता का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। आज प्रदेश ऊँट संरक्षण के क्षेत्र में सिरमौर बनकर सामने आ रहा है. योजना के लागू होने से ऊंट पालकों का आर्थिक संवर्धन होने के साथ राज्य पशु ऊँट के संरक्षण की दिशा में भी नए रास्ते खुलने लगे है।

**प्रोत्साहन राशि से बेहतर ऊंट पालन हुआ संभव**

जोधपुर जिले के खाटावास निवासी ऊंटपालक एवं योजना अंतर्गत लाभार्थी श्री जागाराम मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत का धन्यवाद करते हुए कहते है कि खाते में 5 हजार रूपए की प्रथम किश्त आने से आर्थिक सम्बल मिला है. अब ऊंटों की देखभाल करना आसान होगा, तथा टोडियों के जन्म पर आर्थिक भार नहीं बढ़ेगा और खुशियां घर में आएँगी। उन्होंने बताया कि उनका परिवार पिछले लम्बे समय से ऊँट पालन का कार्य करता आ रहा है. पिछले वर्षों में ऊंटों की घटती संख्या को देखकर वे काफी चिंतित थे।

## एसीएस भूजल की अध्यक्षता में बैठक ग्रामीण क्षेत्रों के राजकीय भवनों पर बनेंगे वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर



गरीबों का सितारा

**जयपुर।** अटल भूजल योजना के तहत कवर होने वाले 17 जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में राजकीय भवनों पर फिजिबिलिटी के आधार वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनाए जाएंगे ताकि वर्षा जल का संचयन एवं सरक्षण किया जा सके। साथ ही, भूजल संरक्षण एवं रिचार्ज की दिशा में नवाचारों को बढ़ावा दिया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल डॉ. सुबोध अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को यहा सचिवालय में हुई अटल भूजल योजना की समीक्षा बैठक में जल संरक्षण एवं भूजल रिचार्ज के लिए ये कदम उठाए जाने का निर्णय किया गया। वर्षा जल संचयन एवं संरक्षण संरचनाएं अटल भूजल योजना के तहत आने वाले 17 जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी बिल्डंग्स पर बनाई जाएंगी। डॉ. अग्रवाल ने सभी विभागों को अटल भूजल योजना के तहत मिलने वाली प्रोत्साहन राशि का उपयोग जल संरक्षण एवं भूजल के क्षेत्र में नवाचार के कार्यों पर करने को कहा। उन्होंने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग को माइक्रो इरिगेशन गतिविधियों को अटल भूजल योजना क्षेत्र में अधिकतम स्तर पर लागू करने की सलाह दी। साथ ही, कृषि के क्षेत्र में ड्रिप इरिगेशन को बढ़ावा देने पर जोर दिया ताकि पानी की अधिकतम बचत हो सके। समीक्षा बैठक में जल संरक्षण एवं भूजल रिचार्ज गतिविधियों एवं अधिक से अधिक नवाचारों को लागू करने पर चर्चा की गई। साथ ही, योजना के तहत मिलने वाली प्रोत्साहन राशि का अधिक से अधिक उपयोग इनोवेटिव आइडियाज के क्रियान्वयन पर करने पर बल दिया गया। बैठक में योजना के सहभागी विभाग यथा- कृषि एवं उद्यानिकी, जल संसाधन, पंचायती राज, वन, जलग्रहण एवं भूसंरक्षण तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन श्री शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव पंचायती राज श्री नवीन जैन, अटल भूजल योजना के प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री सूरजभान सिंह, मुख्य अभियंता जल संसाधन श्री विनोद चौधरी सहित समस्त सहभागी विभागों के नोडल अधिकारी तथा शामिल हुए। अधीक्षण भू-वैज्ञानिक, भूजल विभाग श्री वी. एन. भावे ने योजना के तहत विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जाने वाली गतिविधियों के बारे में प्रस्तुतिकरण दिया।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

**रखा विचार :** खुद को बेरोजगार मत बनाईये, अपने हुनर से रोजगार बनाईये...

# सरकारी नौकरी की अंधी दौड़ में ना दौड़े युवा, अब स्वरोजगार अपनाने का वक्त : ढूल

## राजस्थान जाट महासभा के उपाध्यक्ष उम्मेद सिंह ढूल का युवाओं से आह्वान


विशेष आलेख — सितारा न्यूज नेटवर्क

**गरीबों का सितारा**

**जयपुर।** आज का युवा जिस कदर सरकारी नौकरी की अंधी दौड़ में दौड़ रहा है, इस पर राजस्थान जाट महासभा के उपाध्यक्ष उम्मेद सिंह ढूल ने चिंता जताई है। ढूल ने युवाओं का आह्वान करते हुए हुए कहा कि युवावस्था के कीमती समय को महज एक ही विकल्प के पीछे व्यर्थ ना गंवाए बल्कि कौशल विकास एवं स्वरोजगार के विकल्पों पर भी ध्यान दें। कौशल विकास एवं स्वरोजगार से भी युवा उज्ज्वल भविष्य हासिल कर सकते है। ढूल ने कहा कि युवा किसी भी देश का भविष्य है। आज, भारत विश्व की सबसे बड़ी शक्ति के रूप में उभर रहा है। यहां प्रत्येक तीसरा व्यक्ति युवा है ऐसे में हमें, इस युवा ऊर्जा का प्रयोग सही दिशा में करने के लिए साधन सोचने होगें। ढूल ने सरकारों से भी अपील की है कि युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार और स्वरोजगार के अवसर पैदा करने वाली नीतियां और कार्यक्रम मौजूदा वक्त की सबसे बडी आवश्यकता है। युवाओं को सशक्त बनाने की कुंजी, कौशल विकास के साथ है। जब एक युवा के पास आवश्यक कौशल होता है तो वह उसका उपयोग अपनी आजीविका व दूसरों की सहायता करने के लिए कर सकता है।

### देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में युवाओं की अहम भूमिका

ढूल ने कहा कि आज आवश्यकता है कि शिक्षा को रोजगारोन्मुखी बनाया जाए और युवाओं में कौशल और तकनीकी क्षमता विकसित की जाए। जिससे भारत उभरती अर्थव्यवस्था की मुख्य चुनौतियों से निपटने में सफल हो सके। वोकेशनल ट्रेनिंग के माध्यम से युवाओं को आज के अनुकूल कौशल का निर्माण करने वाला प्रशिक्षण देना होगा तभी कौशल विकास सफल हो सकता है। कौशल विकास एक बड़ी नैतिकता और जवाबदेही का कार्य है जिसके माध्यम से युवाओं को उद्यमशील बनाया जा सकता है। स्किल्ड युवा निश्चित रूप से कौशल युक्त भारत का निर्माण कर सकता है।



केवल एक ही विकल्प में व्यर्थ ना गंवाएं कीमती वक्त

**सरकारों से भी इस ओर ध्यान देने की अपील**

कौशल विकास के जरिए युवा शक्ति हासिल कर सकती है उज्ज्वल भविष्य

### सही सोच और सही राह अपनाए आज का युवा

ढूल ने कहा कि बढ़ती आबादी और बदलते वक्त की जरूत को देखते हुए हमारी शिक्षा व्यवस्था में बदलाव लाने और उसे रोजगारपरक बनाने की जरूरत है। नियमित कोर्सों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में हुनरमंद बनाने वाले व्यवहारिक कोर्स भी शुरू किए जाने चाहिए। हाल के दिनों में विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं द्वारा शुरू किए जाने वाले स्टार्ट-अप्स की कामयाबी यह बताती है कि उद्यमिता के क्षेत्र में बेशुमार मौके हैं, बशर्ते सही सोच के साथ सही राह पर मन और मेहनत से काम किया जाए। उन्होंने कहा कि भारत जैसी विशाल आबादी वाले देश में अगर स्कूली स्तर से ही बच्चों को उनकी रुचि के क्षेत्र में प्रशिक्षित किया जाए, तो बड़े होने पर उन्हें सरकारी नौकरी के पीछे नहीं भागना पड़ेगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### वार्ड संख्या 7 की पार्षद संतोष अग्रवाल के प्रयास रंग ला रहे



**गरीबों का सितारा**

**पानी की पाइप लाइन के लिए वार्डवासियों ने दिया धन्यवाद**

**जयपुर।** जयपुर नगर निगम ग्रेटर की महिला पार्षद संतोष अग्रवाल की ओर से एक के बाद एक किए गए विकास कामों से वार्ड संख्या -7 में चारों ओर खुशहाली का आलम छाया हुआ है। गौरतलब है कि वार्ड संख्या 7 ग्रेटर की स्थानीय पार्षद के अथक प्रयास से निलगिरी कोलोनी वार्ड की गली गली में पानी की पाईप लाईन डलवाने के लिए निलगिरी कोलोनी विकास समिति ने आभार व्यक्त किया। निलगिरी कोलोनी विकास समिति अध्यक्ष आंसू सिंह जोधा ने भी पार्षद पति कैलाश अग्रवाल का भी आभार प्रकट किया।

### दा वर्ल्ड जीम ने जीती चैम्पियनशिप, 16 गोल्ड एवं 4 सिल्वर मेंडल जीते

**गरीबों का सितारा**

**जयपुर।** जिला पावरलिफ्टिंग के अध्यक्ष महेश खडेलवाल ने बताया कि सब जूनियर पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन दा वर्ल्ड जीम झोटवाला में हुआ। जयपुर ज़िले के 110 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया दा वर्ल्ड जीम के आयोजनकर्ता अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी पवन कुमावत की पावरलिफ्टिंग की टीम ने कुल 16 गोल्ड मेंडल 4 सिल्वर मेंडल जीतकर टीम चैम्पियनशिप जीती। मंयक कुमावत, लोकेश कुमावत, राहुल चौधरी, यश भाकडीवाल, अभिषेक कुमावत, राज सोनी, रिषप सिंह नरूका, पवन धाभाई, धनश्याम कुमावत, निधि कल्याणी, राहुल यादव गोल्ड मेंडल पावरलिफ्टिंग में अभिषेक कुमावत, राज सोनी निधि कल्याणी, पवन धाभाई गोल्ड मेंडल राहुल चौधरी, राहुल यादव, रिषप सिंह नरूका सिल्वर मेडल जीते स्ट्रांग मेन विक्रम स्ट्रांग वूमेन पायल मलिक किरण रामचन्दानी रही सभी विजेता खिलाड़ियों को सचिव सत्येन्द्र सिंह राठौड़ पवन कुमावत मुकेश राजपूत महेश खंडेलवाल ने मेंडल पहनाकर बधाई दी।



### रेल सेवा बाधित : अनुरक्षण कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित

**गरीबों का सितारा**

**जयपुर।** पश्चिम रेलवे के चंदेरिया-रतलाम रेलखंड पर चंदेरिया व बस्सी बेरीसाल स्टेशनों पर अनुरक्षण कार्य तथा चंदेरिया स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित कई रेल गाड़ीयां आवागमन के लिए रद्द रहेगी।

**रद्द रेल सेवाएं (प्रारंभिक स्टेशन से**

1. गाड़ी संख्या 19327, रतलाम- उदयपुर रेलसेवा दिनांक 05.04.23 को रद्द रहेगी।
2. गाड़ी संख्या 19328, उदयपुर- रतलाम रेलसेवा दिनांक 06.04.23 को रद्द रहेगी।
3. गाड़ी संख्या 05835, मंदसौर- उदयपुर रेलसेवा दिनांक 06.04.23 को रद्द रहेगी।
4. गाड़ी संख्या 05836, उदयपुर- मंदसौर रेलसेवा दिनांक 06.04.23 को रद्द रहेगी।

**प्रारंभिक स्टेशन से आंशिक रद्द रेलसेवाएं**

मिली जानकारी के अनुसार 1. गाड़ी संख्या 19345, रतलाम-भीलवाड़ा रेलसेवा दिनांक 05.04.23 को चित्तौड़गढ़ तक संचालित होगी अर्थात रेलसेवा चित्तौड़गढ़- भीलवाड़ा के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। 2. गाड़ी संख्या 19346, भीलवाड़ा-रतलाम रेलसेवा दिनांक 06.04.23 को चित्तौड़गढ़ से संचालित होगी अर्थात रेलसेवा भीलवाड़ा-चित्तौड़गढ़ के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

### रींगस में ध्वज पूजन का हुआ आयोजन, 101 निशानों के साथ सामोद के लिए करेंगे पदयात्रा

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** रींगस कस्बे के हनुमान नगर में स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में ध्वज पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें रींगस से सामोद के लिए श्री बालाजी सेवक मंडल के तत्वाधान में होने वाली पदयात्रा के लिए निशानों की पूजा अर्चना की गई। महरोली के जोहड़ा दास आश्रम के महंत राममूर्ति दास जी महाराज द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ निशानों की पूजा-अर्चना करवाई गई वही मुख्य अतिथि के रुप में स्वतंत्रता सेनानी कालिदास स्वामी व विशिष्ट अतिथि के रुप में पालिका उपाध्यक्ष अमित शर्मा, पार्षद अमित कुमावत, बाबूलाल राजोरिया, सांवरमल कुमावत ने शिरकत करते हुए निशान पूजा में भाग लिया गया। मंडल अध्यक्ष कैलाश चंद बधाला व प्रभु दयाल कुमावत ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर रींगस से सामोद के लिए बीसवीं पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 101 निशानों के साथ सामोद के लिए पदयात्रा की जाएगी। पदयात्रा का शुभारंभ बुधवार प्रातः 4 बजे रींगस स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर से किया जाएगा जो हनुमान जन्मोत्सव के दिन सामोद में बालाजी महाराज के निशान अर्पित करेंगी। निशान पूजा कार्यक्रम के दौरान लक्ष्मीनारायण पारमुवाल, बनवारी लाल, शंकर लाल सैनी, रुड़ मल सैनी, दलवीर धायल, गोपाल लाल शर्मा, सांवरमल कुमावत आदि मौजूद थे।



## एचआरओ/सीआरओ की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए चलाया अभियान , ग्रामीणों को बताइए नियम

### रेलवे लाइन के पास पशु चराते हुए मिले तो होगी कार्रवाई







**गरीबों का सितारा**

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** एएसआई सांवरमल मीणा साथ में हैड कॉन्स्टेबल राम सिंह मीणा ने मंडल सुरक्षा आयुक्त अमिताभ रेलवे सुरक्षा बल अजमेर के निदेर्शानुसार एचआरओ/सीआरओ की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए अभियान के तहत हरिपुर स्टेशन के पास सबलपुरा गांव सरपंच अर्जुन कंवर के प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह व ग्रामवासी, गैंग जमादार भीम सिंह के साथ अभियान चलाया उसके बाद गांव लवाचा में छोटे-छोटे 15-20 बच्चों को रेलवे ट्रैक पर नहीं जाने एवं चलती ट्रेन पर पत्थरबाजी नहीं करने के संबंध में समझाइश किया, उसके बाद दीपावास गांव की ग्राम पंचायत भवन में गैंग जमादार पूनम सिंह साथ में गैंगमैन गिरधारी सिंह, सरपंच जालमसिंह मय ग्रामीणों को समझाइश किया उसके बाद ग्राम पंचायत भवन सेंदड़ा में सरपंच रतन सिंह भाटी, उपसरपंच नरेंद्र सिंह चौहान पशु चिकित्सक अजय की उपस्थिति में गांव के ग्राम वासियों, बच्चों एवं महिलाओं को समझाया कि चलती ट्रेन पर पत्थरबाजी नहीं करें, रेलवे लाइन के पास में अपने पशुओं को आवारा नहीं छोड़े उपरोक्त सभी जगह ग्राम वासियों व सरपंच महोदय को बताया की रेलवे लाइन के पास पशु चराते हुए मिले उनके खिलाफ रेलवे एक्ट की धारा 147 के तहत कार्रवाई की जाएगी यदि किसी ग्रामीण का पशु रनओवर होता है और रन ओवर होने से रेल यात्रियों को की जान माल की हानि होती है या या रेल संपत्ति का नुकसान होता है तो उस पशु के मालिक के खिलाफ रेलवे एक्ट की धारा 153 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी जो आजमानती अपराध है।

## बजट घोषणाओं को लेकर जिला स्तरीय आमुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन





**गरीबों का सितारा**

**जयपुर।** जिला कलक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा बजट घोषणाओं पर आधारित जिला स्तरीय आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) मोहम्मद अबूबक्र ने कहा कि बजट में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किसानों को बड़ी सौगात देते हुए कृषि कल्याण कोष की राशि 5 हजार करोड़ से बढ़ाकर 7 हजार 500 करोड़ करने सहित कृषि क्षेत्र में कई अहम घोषणाएं की हैं, जिससे जिले के किसानों को राहत मिलेगी और उनकी आमदनी में इजाफा होगा। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग के अधिकारी बजट में किसान और खेती से जुड़ी तमाम घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जन-जन तक योजनाओं के प्रचार-प्रसार को प्राथमिकता देवें। वहीं, कृषि विभाग के अतिरिक्त निदेशक हिरेन्द्र शर्मा ने कहा कि कार्यशाला में राजस्थान में स्थापित विभिन्न प्रसंस्करण इकाईयों को राज्य सरकार द्वारा देय अनुदान एवं सुविधाओं के साथ-साथ संरक्षित खेती के बारे में बजट प्रावधान एवं तकनीकी सहयोग की जानकारी प्रदान की गई। संयुक्त निदेशक, कृषि विपणन राकेश कुमार पाटनी ने बताया कि कृषि कल्याण कोष में वृद्धि होने से किसान और कृषि से जुड़े सभी 12 मिशन पर और बेहतर क्रियान्वयन होगा। कार्यशाला में कृषि विभाग एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों द्वारा राजस्थान सूक्ष्म सिंचाई मिशन, राजस्थान संरक्षित खेती मिशन, राजस्थान उद्यानिकी विकास मिशन एवं राजस्थान खाद्य प्रसंस्करण मिशन पर प्रस्तुतिकरण दिया गया। कार्यशाला में उप जिला प्रमुख मोहन लाल डागर, आमेर पंचायत समिति प्रधान बद्रीनारायण बागड़ा, परियोजना निदेशक राम कुमार जाट, संयुक्त निदेशक कृषि विपणन महिपाल सिंह सहित कृषि विभाग एवं उद्यानिकी विभाग, सहकारिता विभाग सहित कई अधिकारियों ने शिरकत की।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने भगवान श्री सांवलिया जी सेठ के दर्शन कर पूजा अर्चना की

## प्रदेश अध्यक्ष जोशी का चित्तौड़गढ़ जिले के विभिन्न स्थानों पर जगह-जगह पुष्प वर्षा, माल्यार्पण और ढोल बजाकर, आतिशबाजी कर स्वागत किया

### जयपुर बम ब्लास्ट में गहलोत सरकार ने दोषी आतंकवादियों के खिलाफ हाईकोर्ट में लचर पैरवी की : सीपी जोशी

**गरीबों का सितारा**







**चित्तौड़गढ़/भीलवाड़ा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने भगवान श्री सांवलिया जी सेठ के दर्शन कर पूजा अर्चना की। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार सांवलिया जी के दरबार में प्रदेश की खुशहाली और कल्याण के लिए आशीर्वाद मांगा। प्रदेश अध्यक्ष जोशी का चित्तौड़गढ़ जिले के विभिन्न स्थानों पर अभूतपूर्व स्वागत हुआ, स्वागत अभिनंदन के पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह और खुशी की लहर देखने को मिली । रास्ते में जगह-जगह पुष्प वर्षा, माल्यार्पण और ढोल बजाकर आतिशबाजी कर स्वागत किया गया। सांवलियाजी दर्शन के पश्चात चित्तौड़गढ़ में जनसंघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता एडवोकेट कैलाश चंद्र झंवर के निवास पर उनकी कुशल क्षेम पूछी और उनका आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात जोशी दुर्ग स्थित कालिका माता मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने माता के दरबार में माथा टेक कर पूजा अर्चना की । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी जिला जन आक्रोश महाघेराव को जिला कलेक्ट्री के पास बने विशाल मंच से हजारों की संख्या में आए कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहां कि कांग्रेस की गहलोत सरकार ने किसानों, युवाओं के साथ धोखा किया। किसान, युवा सहित आमजन कांग्रेस सरकार को बदलने के तैयार है। किसानों को 50% से ज्यादा खराब होने पर मुआवजा मिलता था किसानों की भयंकर समस्या को देखते हुए मोदी सरकार ने नया कानून बनाकर 33% से अधिक खराब होने पर मुआवजे का प्रावधान किया, लाखों किसानों के हितों की रक्षा की। कन्हैयालाल हत्याकांड पर बोले एक निर्दोष व्यक्ति की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई और कांग्रेस की गहलोत सरकार मुख दर्शक बनी बैठी रही। आतंकवाद को खात्मा करने में मोदी सरकार की प्राथमिकता रही है, वही देश के ऊपर हमला करने वाले विदेशी आतंकवादियों पर उनके घर में जाकर घुसकर आतंकवादियों का सफाया करने का काम नरेंद्र मोदी ने किया। जयपुर बम ब्लास्ट 71 मौत के शिकार हुए लेकिन कांग्रेस की गहलोत सरकार ने उन सब दोषी आतंकवादियों के खिलाफ ना कोई बड़ा वकील खड़ा किया, सरकार की तरफ से न कोई पैरवी पर जोर दिया जिससे निर्दोष की हत्या करने वाले आतंकवादी रिहा हो गए। ऐसी संवेदनहीन कांग्रेस सरकार है ऐसी सरकार को बदलना है। नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस राज्य में अंधेर नगरी चौपट राजा है, कांग्रेस सरकार को नस्तेनाबूत करना है और इनके ताबूत में आखिरी कील ठोकना है। बिजली की दरों पर बोले किसानों को 2000 यूनिट फ्री बिजली के नाम पर शहरों की बिजली लगातार काटी जा रही है आम जनता भयंकर परेशान हो रही है और नए-नए सर चार्ज लगाकर आमजन का जीना दुभर कर दिया है। कांग्रेस सरकार कहती कुछ और है करती कुछ और है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# अपनी साख पर आंच ना आने दें जांच एजेंसियां

भारत में सार्वजनिक क्षेत्र में भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी हैं। इस पर करारी चोट आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीबीआई की हीरक जयंती के मौके पर भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त एक्शन की वकालत की है। पीएम ने कहा है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए आज राजनीतिक इच्छाशक्ति की कोई कमी नहीं है और अधिकारियों को बगैर हिचकिचाहट के भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए, भले ही वह कितना भी ताकतवर हो। पीएम की मंशा सही है, लेकिन सीबीआई, ईडी जैसी एजेंसियों को करप्शन के खिलाफ जांच में सलेक्टिव नहीं होना चाहिए, जैसे कि आरोप लग रहे हैं। सीबीआई पर सत्ता पक्ष के तोते होने के आरोप लगते रहे हैं। अभी देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ जितनी भी कार्रवाई की जा रही है, उसमें संयोग या दुर्योग से अधिकांश विपक्षी नेताओं के खिलाफ है, ऐसे में संदेश जा रहा है कि जांच एजेंसियां या तो सरकार के इशारे पर काम कर रही हैं या सलेक्टिव काम रही हैं। सीबीआई, ईडी, आईटी जैसी स्वायत्त एजेंसियों को निष्पक्ष होकर निडर काम करना चाहिए, लेकिन व्यवहार में ऐसा कम होता दिखता है। लोकतंत्र और न्याय की राह में भ्रष्टाचार सबसे बड़ा रोड़ा है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जैसी जांच एजेंसियों की प्रमुख जिम्मेदारी इस रोड़े को खत्म करना है, हालांकि यह अकेले सीबीआई के भरोसे नहीं होगा। प्रशासन, पुलिस और न्याय तंत्र के संयुक्त प्रयास से देश भ्रष्टाचार मुक्त हो सकता है। भ्रष्टाचार के तंत्र में सरकार की सभी मशीनरियां शामिल हैं। व्यक्तिगत और व्यवस्थागत दोनों तरह के भ्रष्टाचार से देश आक्रांत है। भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए जीरो टॉलरेंस की केवल नीति से बात नहीं बनेगी, बल्कि इसे व्यवहार में भी लाना होगा। आज निचले स्तर से लेकर उच्च स्तर तक सरकारी दफ्तरों में अनेक रूपों में भ्रष्टाचार व्याप्त है। देश में सरकार के संकल्प के बावजूद कालाधन के खिलाफ कोई अभियान नहीं दिखा। मोदी सरकार का ध्येय अच्छा है कि किसी भी भ्रष्ट व्यक्ति को बख्शा नहीं जाना चाहिए। सरकार ने कई बार भ्रष्ट अफसरों के खिलाफ कार्रवाई भी की है, डिजिटल व्यवस्था से भ्रष्टाचार में कमी भी आई है, लेकिन इसके बावजूद भारत भ्रष्टाचार सूचकांक में बहुत पीछे है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के 'भ्रष्टाचार सूचकांक 2022' में भारत 40 अंकों के साथ 85वें स्थान पर है। एक वर्ष पहले भी वह इसी स्थान पर था। उससे पहले 86वें स्थान पर था। कहने का तात्पर्य कि सरकार के अथक प्रयास के बावजूद देश में भ्रष्टाचार कम नहीं हो पा रहा है। चुनावों के समय करोड़ों अवैध धन पकड़े जाते हैं। बिना राजनीतिक, प्रशासनिक, पुलिस व न्यायिक सुधार के भ्रष्टाचार को न्यूनतम करना मुमकिन नहीं है। देश में सरकारी दफ्तरों के अलावा नीतिगत स्तर पर भी कई प्रकार भ्रष्टाचार होते हैं, इन पर भी लगाम जरूरी है। भारत में भ्रष्टाचार एक ऐसा मुद्दा है जो केन्द्रीय, राज्य और स्थानीय सरकारी संस्थानों की अर्थव्यवस्था को कई तरह से प्रभावित करता है। सरकारी कल्याण योजनाओं से धन की हेराफेरी करने वाले अधिकारियों सहित भ्रष्टाचार में विभिन्न कारकों का योगदान है। ट्रान्सपैरेंसी इंटरनेशनल द्वारा किए गए एक अध्ययन के मुताबिक आधे से अधिक भारतीयों को सार्वजनिक सेवा प्राप्त करने के लिए कभी ना कभी उत्कोच देना पड़ता है। जांच एजेंसियों को अपनी साख पर आंच नहीं आने देना चाहिए।



जयंती
योगेश कुमार गोयल

अहिंसा को सबसे उच्चतम नैतिक गुण बताने वाले भगवान महावीर ने पूरी दुनिया को जैन धर्म के पंचशील सिद्धांत (अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अस्तेय, ब्रह्मचर्य) बताए और व्यवस्थित, अनुशासित व मर्यादित तरीके से जीवन जीने की कला सिखाई। जीओ और जीने दो' सिद्धांत के प्रवर्तक भगवान महावीर ने संसार के सभी प्राणियों को बराबर बताते हुए अपने उपदेशों में कहा था कि हिंसा को त्यागिए। उनका अहिंसा दर्शन मौजूदा समय में भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना ढाई हजार साल पहले था। वास्तव में उन्होंने जीवन में दो महत्वपूर्ण कार्य किए, सत्य की खोज व मैत्री का विस्तार। आज देश को महावीर के संदेश पर चलने की जरूरत है।

# महावीर के अहिंसा पथ प्रासंगिक

भारत को आज भगवान महावीर के सत्य व अहिंसा के संदेश को आत्मसात करने की अधिक जरूरत है। देश में जिस तरह हिंसा, उपद्रव की घटनाएं हो रही हैं, वाणी से हिंसा हो रही है, उसे देखते हुए लगता है कि हम अपने महापुरुषों के बताए मार्ग पर नहीं चल रहे हैं। आज देश को भगवान महावीर के अहिंसा पथ पर चलने की जरूरत है। जैन धर्म में तीर्थंकरों की संख्या 24 बताई गई है। ऋषभदेव जैन पंथ के पहले तीर्थंकर थे और भगवान महावीर 24वें तथा अंतिम। जैन ग्रंथों के अनुसार धर्म तीर्थ के प्रवर्तन के लिए समय-समय पर तीर्थंकरों का जन्म होता रहा है, जो समस्त जीवों को आत्मिक सुख प्राप्ति के उपाय बताते हैं। प्रतिवर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी के दिन जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्मोत्सव मनाया जाता है। हिन्दू पंचांग के अनुसार इस साल चैत्र शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी 3 अप्रैल की प्रातः 6.24 बजे शुरू होगी, जिसका समापन 4 अप्रैल की प्रातः 8.05 बजे होगा, ऐसे में महावीर जयंती 4 अप्रैल को मनाई जा रही है। 24वें तीर्थंकर महावीर का जन्म आज से 2600 से भी ज्यादा वर्ष पूर्व (ईसा से 599 वर्ष पूर्व) चैत्र शुक्ल त्रयोदशी के दिन वैशाली में इक्ष्वाकु वंश के क्षत्रिय राजा सिद्धार्थ तथा रानी त्रिशला के यहां वर्धमान के रूप में हुआ था। पूरी दुनिया को सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले तीर्थंकर महावीर स्वामी का जन्म उस युग में हुआ था, जब हिंसा, पशुबलि, जात-पात का भेदभाव बहुत ज्यादा था। 30 वर्ष की आयु में सांसारिक दायित्वों से विरक्त होकर राजवैभव का परित्याग कर संन्यास धारण करते हुए वर्धमान आत्म कल्याण के पथ पर निकल पड़े थे। तत्पश्चात उन्होंने करीब साढ़े बारह वर्षों तक साल के वृक्ष के नीचे कठिन तपस्या की, जिससे उन्हें कैवल्य ज्ञान (सर्वोच्च ज्ञान) की प्राप्ति हुई और वे वर्धमान से महावीर बने। भगवान महावीर को वर्द्धमान, सन्मति, वीर, अतिवीर के नाम से भी जाना जाता है।

महावीर के जन्मदिवस को जैन समाज द्वारा महावीर जयंती के रूप में तथा निर्वाण दिवस को दीपावली के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने जीवन पर्यन्त अनेक ऐसे उपदेश दिए, जिन्हें जीवन में आत्मसात कर हम अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं। अहिंसा को सबसे उच्चतम नैतिक गुण बताने वाले भगवान महावीर ने पूरी दुनिया को जैन धर्म के पंचशील सिद्धांत (अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अस्तेय, ब्रह्मचर्य) बताए और व्यवस्थित, अनुशासित व मर्यादित तरीके से जीवन जीने की कला सिखाई। उनके इस पंचशील सिद्धांत में किसी भी प्राणी अथवा कीट की हिंसा न करना, किसी भी वस्तु को किसी के दिए बिना स्वीकार न करना, मिथ्या भाषण न करना, ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करना और वस्त्रों के अलावा किसी भी अन्य वस्तु का संचय न करना शामिल थे। 'जीओ और जीने दो' सिद्धांत के प्रवर्तक भगवान महावीर ने संसार के सभी प्राणियों को बराबर बताते हुए अपने उपदेशों में कहा था कि हिंसा को त्यागिए और 'जीओ व जीने दो' का सिद्धांत अपनाइए। उनका अहिंसा दर्शन मौजूदा समय में भी उतना ही



प्रासंगिक है, जितना ढ़ाई हजार साल पहले था। संसार के सभी जीवों को मित्रवत व्यवहार रखने की प्रेरणा देते हुए अपने उपदेशों में वह कहते थे कि दुनिया का हर प्राणी धर्म का अधिकारी है और प्रत्येक जीव अवध्य है। अतः जरूरी बताकर की जाने वाली हिंसा भी हिंसा ही है, जो जीवन की कमजोरी है। वह कहते थे कि धरती पर हर प्राणी एक जैसी ही पीड़ा का अनुभव करता है और हर प्राणी का एकमात्र लक्ष्य मुक्ति ही है। उनका कहना था कि पेड़-पौधों, अग्नि, वायु में भी मनुष्यों तथा पशुओं के समान आत्मा वास करती है और पेड़ पौधों में भी मनुष्य की ही भांति दुख को महसूस करने की शक्ति होती है। इसलिए सबकी रक्षा आवश्यक है।


सत्य और अहिंसा के प्रणेता जैन तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का उपदेश था कि जिस मनुष्य का मन सदैव अहिंसा, संयम, तप और धर्म में लगा रहता है, उसे देवता भी नमस्कार करते हैं। अध्यात्म को सर्वोपरि बताने वाले महावीर स्वामी ने अपनी साधना के बल पर ऐसे नवीन अनुसंधान किए थे, जिन्हें स्वीकार कर लिया जाए तो मनुष्य अवसाद में जा ही नहीं सकता। उन्होंने उस समय मौजूद सभी चिंतन धारा को एक नई दिशा दी। विश्व बंधुत्व और समानता का आलोक फैलाने वाले महावीर स्वामी क्रोध, मोह, लालच, विलासितापूर्ण वस्तुओं इत्यादि पर विजय पाना सच्ची विजय मानते थे। उनके अनेक अनुयायी बने, जिनमें राजा बिम्बिसार, कुनिक, चेटक इत्यादि प्रमुख थे। उन्होंने किसी वस्तु की खोज करने में अपनी शक्ति का प्रयोग करने के बजाय सत्य की खोज अपने अंर्तमन से की। वास्तव में उन्होंने जीवन में दो महत्वपूर्ण कार्य किए, सत्य की खोज और मैत्री का विस्तार। वस्तु को अनेकांतात्मक बताते हुए महावीर स्वामी का कहना था कि जिस प्रकार किसी एक विचार के कई पहलू होते हैं, उसी प्रकार एक ही वस्तु के कई गुण हो सकते हैं। इसे समझजे की जरूरत है।

प्रत्येक घटना, वस्तु अथवा परिस्थिति को हठधर्मी और निराशावादी व्यक्ति केवल अपने नजरिये से देखते हैं जबकि दूसरों के विचारों अथवा नजरिये को विरोध भाव से देखते हैं। महावीर स्वामी का उपदेश था कि अगर इसे व्यावहारिक रूप में समझ लिया जाए तो जीवन में कभी कोई परेशानी नहीं होगी और विरोधी दिखने वाले विचार को भी हम स्वीकार करने लगेंगे और यही स्वीकारोक्ति व्यक्ति को आधे से भी ज्यादा तनावों से मुक्त कर देती है। सुख-दुख को स्वयं के कर्मों का फल बताते हुए महावीर उपदेश देते थे कि यह सोचना छोड़ दें कि दूसरे लोग मुझे सुख या दुख देते हैं क्योंकि व्यक्ति अपने कर्मो के लिए स्वयं उत्तरदायी होता है और समय आने पर सभी जीव अपने कर्मों का ही फल अनुकूल या प्रतिकूल रूप में भोगते हैं। भगवान महावीर ने समतामूलक समाज का उपदेश दिया। भगवान महावीर के उपदेश आज भी अत्यंत समीचीन और प्रासंगिक हैं। उन्होंने अपने जीवन काल में बहुत सी सामाजिक कुरीतियों की समाप्ति और समाज सुधार के लिए सम्यकदर्शन, सम्यकज्ञान और सम्यक आचरण के सिद्धांतों का प्रयोग किया। उन्होंने स्त्री-दासता, महिलओं के समान दर्जे और सामाजिक समता जैसे विषयों पर सामाजिक प्रगति की शुरूआत की। भगवान महावीर ने 'अहिंसा परमो धर्मः' का शंखनाद कर 'आत्मवत् सर्व भूतेषु' की भावना को देश और दुनिया में जाग्रत किया। अनेकांतवाद, स्यादवाद और अपरिग्रह जैसे अद्भुत सिद्धांत देने वाले महावीर स्वामी को 72 वर्ष की आयु में बिहार के पावापुरी में मोक्ष की प्राप्ति हुई।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

खदान जागरूकता दिवस
अखिलेश आर्येन्दु



# खनन को सुरक्षित बनाना हो सरकार की प्राथमिकता

पिछले 21 वर्षों से खदान हादसों से बचाव के मद्देनजर दुनिया के तमाम देशों में 4 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय खदान जागरूकता दिवस मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बारूदी सुरंगों, युद्ध के विस्फोटक अवशेषों को हटाने और खतरनाक क्षेत्रों को चिन्हित करने व बाड़ लगाने की कोशिशों के मद्देनज़र इस दिवस की महत्ता प्रतिपादित की जाती है। जागरूकता के तहत खान-प्रभावित इलाकों की मदद, खान-पान की व्यवस्था और इन इलाकों में रहने वाले लोगों की हिफाजत मुकम्मल रखना शामिल है। दुनिया में खदान अवशेषों से पैदा हुईं समस्याएं, अन्य कई तरह की समस्याएं पैदा करती हैं। इन समस्याओं से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ और दूसरे संबंधित संगठनों के साथ मिलकर मजदूरों की मदद मुकम्मल की जाती है, बावजूद मजदूरों की परेशानियां पूरी तरह खत्म नहीं की जा सकीं हैं। खास कर माइंस में काम करने वाले मजदूरों की बदतर हालात में कोई खास बदलाव नहीं आया है। 2006 से अंतरराष्ट्रीय खदान जागरूकता दिवस मनाने की शुरुआत के पहले, मजदूरों की तमाम बदले हुए हालातों में उनकी परेशानियों को समझने वाला कोई नहीं था। एनजीओ मजदूरों की हालात बेहतर करने की बात करते थे लेकिन वह महज कोटापूर्ति तक सीमित रहा करती थी। संयुक्त राष्ट्र संघ ने दुनिया के उन सभी देशों के राष्ट्रीय खदान-कार्य क्षमता को स्थापित और विकसित करने में सहयोग प्रदान करने की पहल की, जहां खदान के साथ ही विस्फोट सुरक्षा के लिए एक गम्भीर खतरा पैदा कर रहे थे। यानी विस्फोट की हालात में खदान मजदूरों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की बात पहली बार कहीं गई। पिछले 21 सालों से माइन एक्शन में बारूदी सुरंगों और युद्ध के विस्फोटक अवशेषों को हटाने, खतरनाक क्षेत्रों को चिन्हित करने और बाड़ लगाने के कार्य भी प्राथमिकता के तौर पर किए जा रहे हैं। बारूदी सुरंगों के विस्फोट या युद्ध के दौरान विस्फोटों को हटाने के दौरान मजदूरों की सुरक्षा के मद्देनजर कई तरह से मदद दी जाती है। खदानों से ताल्लुक रखने वाली अंतरराष्ट्रीय संधियों में सार्वभौमिक भागीदारी, युद्ध और युद्ध से पीड़ति व्यक्तियों के विस्फोटक अवशेषों की वकालत करना और सरकारों व गैर-राज्य सशस्त्र समूहों द्वारा द्वारा भंडारित किए गए बारूदी सुरंगो को नष्ट करना शामिल है। भारत इन संधियों की शर्तों और व्यवस्थाओं का पालन करता है। इस नजरिए से भारत में खदान मजदूरों को वे सभी सहुलियतें व अधिकार हासिल हैं, जो संयुक्त राष्ट्र और भारत के संविधान के तहत दिए गए हैं।

2006 के बाद भारत के तमाम राज्यों में खनन का कार्य कर रहे मजदूरों की परेशानियों व बीमारियों को खत्म करने के लिए कारगर कदम उठाने की पहल हुई और इस बाबत उन्हें जागरूक करने का कार्य भी किया गया। इससे मजदूरों की तमाम तरह की समस्याओं को दूर करने में सहुलियत हुई। बावजूद भारत व दुनिया की कोयला और दूसरी तरह की खदानों में रात-दिन काम करने वाले मजदूरों को दमा, सिलकोसिस जैसी जान लेवा बीमारियों से छुटकारा दिलाने में कामयाबी नहीं मिल पाई है। 4 अप्रैल इस दिशा में जागरूकता फैलाने की दिशा में एक कारगर दिन माना जाता है। यही वजह है कि हर साल इस दिवस पर एक थीम के साथ इसे मनाया जाता है। इस साल की थीम है-'मेरी कार्रवाई इंतजार नहीं कर सकती। (माइन एक्शन कैन नॉट वेट) इसी तरह सुरक्षा को प्राथमिकता देने के मकसद से पिछले साल की थीम 'सुरक्षित मैदान, सुरक्षित कदम, सुरक्षित घर' रखी गई थी।

भारत में खदान मजदूरों को कई तरह की बीमारियां हो जाती हैं। राजस्थान के जोधपुर और मकराना के पत्थर की खदान में काम करने वाले मजदूरों में न्यूमोकोनियोसिस नामक जानलेवा बीमारी हो जाती है जिसमें खांसी के साथ खून भी आने लगता है। इससे हर साल सैकड़ों मजदूरों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है। खदानों के ठेकेदार मजदूरों से नियम के खिलाफ जाकर कार्य कराते हैं और कानून के मुताबिक रोज़ाना दी जाने वाली मजदूरी भी इन्हें नहीं मिलती है। सेहत, शिक्षा, संतुलित भोजन, जरूरी कपड़े और रोजमर्रा की जिंदगी में काम आने वाली चीजों से भी ये नहरूम होते हैं। यही वजह है कि इनकी बेहतर सेहत और इनके बच्चों को जरूरी एजूकेशन की सुविधाएं भी नहीं मिल पाती है। आंकड़े के मुताबिक खदानों में काम करने वाले मजदूरों के छह से चैदह साल के पांच हजार से ज्यादा बच्चे शिक्षा से दूर हैं। ये बच्चे परिवार की आय बढ़ाने का कार्य करते हैं। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सर्वेक्षण के मुताबिक झारखंड व बिहार के अभ्रक खदानों में 22 हजार बाल मजदूर काम करते हैं।


# चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान



संकलित
दर्शन

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही।

# सुख-शांति चाहते हैं तो गलतियों को करें क्षमा



संकलित
प्रेरणा

एक दिन महावीर स्वामी किसी गांव के बाहर जंगल में ध्यान कर रहे थे। उस समय गांव के कुछ अशिक्षित लोग अपनी गायों को चराने के लिए जंगल में आए। उन्होंने एक व्यक्ति को ध्यान में बैठे हुए देखा। सभी अशिक्षित थे तो तप और ध्यान के बारे में जानते नहीं थे, वे महावीर स्वामी को भी नहीं पहचानते थे। चरवाहों ने महावीर जी को सामान्य इंसान समझा और उनके साथ मजाक-मस्ती करने लगे, उन्हें परेशान करने लगे। गांव के लोग स्वामी जी को परेशान कर रहे थे, लेकिन वे अपने ध्यान में मग्न थे। चरवाहों की वजह से भी उनका ध्यान नहीं टूटा। गांव के विद्वान लोगों ने चरवाहों की ये हरकत देखी तो वे तुरंत महावीर स्वामी के पास पहुंचे। गांव के विद्वान लोग स्वामी जी को पहचानते थे। विद्वानों ने महावीर स्वामी से अशिक्षित लोगों की गलतियों के लिए क्षमा मांगी। स्वामी जी ने आंखें खोलीं और सभी की बातें ध्यान से सुनीं। गांव के लोगों ने माफी मांगते हुए कहा कि हम आपके लिए यहां एक कमरा बनवा देंगे, जिससे आप शांति से तपस्या कर पाएंगे। कोई भी आपकी साधना में बाधा नहीं बनेगा। भगवान महावीर ने सभी की बातें सुनकर कहा कि ये सभी चरवाहे भी मेरे अपने ही हैं। बच्चे नादानी में अपने माता-पिता का मुंह नोचते हैं, मारते हैं, फिर भी माता-पिता बच्चों से नाराज नहीं होते हैं। मैं इन चरवाहों से नाराज नहीं हूं। आपको मेरे लिए कमरा बनवाने की जरूरत नहीं है। आप जो धन मेरे लिए कमरा बनाने में खर्च करना चाहते हैं, वह गरीबों के कल्याण में खर्च करेंगे तो मुझे अच्छा लगेगा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अपव्यय पर लगाम जरूरी

हमारे देश में सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक उत्सवों की हमेशा भरमार लगी रहती है। इसी प्रकार देश में शादी-विवाह और दूसरे उत्सव प्रतिदिन चलते रहते हैं। इसी बीच कई लोग महंगाई और गरीबी के भी खूब रोने रोते हैं। वास्तव में संपन्न लोग अपने बेटे-बेटियों की शादियों और जन्म उत्सवों पर इतना रुपया पानी की तरह बहा देते हैं कि देखादेखी गरीब भी इस स्पर्धा और होड़ में आ जाते हैं। कई बार घर-जायदाद को या तो गिरवी रख देते हैं या सब कुछ बेचकर घर फूंक कर तमाशा देखते हैं। शीघ्र ही कई परिवार दाने-दाने के लिए मोहताज हो जाते हैं। उत्सव के बाद अतिथि तो चले जाते हैं और बेचारा निर्धन शीघ्र समाज के आगे अपनी पोल-पट्टी खोल बैठता है। इस तरह के अपव्यय पर लगाम लगनी चाहिए। *-संजय साहू, मुंगेली*

## ट्रेंड

### भ्रष्टाचारी बचने न पाए




मैं जानता हूं आप जिनके खिलाफ एक्शन ले रहे हैं वे बेहद ताकतवर लोग हैं, बरसों तक वे सरकार और सिस्टम का हिस्सा रहे हैं। लेकिन आपको अपने काम पर फोकस रखना है कोई भी भ्रष्टाचारी बचना नहीं चाहिए। **- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### आप यह ड्रामा कर रहे



जब आपका (राहुल गांधी) ट्रायल चला तब आपने अपील क्यों नहीं की। कोर्ट ने जब आपको दोषी करार दे दिया, इसके बाद आप यह ड्रामा कर रहे हैं।
**-किरेन रिजिजू**
**केंद्रीय कानून मंत्री**

### हम एकता दिखाने आए



हमें न्यायपालिका पर यकीन है। यहां हम अपनी एकता दिखाने आए हैं। हम देश को बचाने के लिए सत्याग्रह कर रहे हैं। देश देख रहा है कि इंदिरा गांधी के पोते, राजीव गांधी के बेटे राहुल गांधी के साथ क्या हो रहा है।
**- अशोक गहलोत, सीएम राजस्थान**

### काबुलीवाला की भूमिका में




हां, मैं टैगोर के लेखन में अमर हो चुके रहमत की भूमिका निभाऊंगा और मैंने नोट्स बनाना शुरू कर दिया है। मेरी मानसिक तैयारी शुरू हो गई है। इस काबुलीवाला की अतीत में किसी के द्वारा निभाई गई भूमिका के साथ कोई समानता नहीं होगी। **-मिथुन चक्रवर्ती, अभिनेता**




## करंट अफेयर

# रूस करेगा बेलारूस की सीमा पर परमाणु हथियार तैनात

यूक्रेन में युद्ध को लेकर मास्को और पश्चिमी देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच बेलारूस में रूसी राजदूत ने कहा कि उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य देशों से लगती बेलारूस की सीमा पर उनका देश परमाणु हथियारों की तैनाती करेगा।




राजदूत बोरिस ग्रिजलोव की यह टिप्पणी रूस के पड़ोसी और सहयोगी देशों के क्षेत्र में सामरिक परमाणु हथियारों की तैनाती से संबंधित रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के हालिया बयान के बाद आई है। विश्लेषकों के अनुसार, यह घोषणा परमाणु हथियार का भय दिखाकर पश्चिमी देशों को यूक्रेन का समर्थन करने से रोकने का एक और प्रयास है। पुतिन ने कहा है कि बेलारूस में सामरिक परमाणु हथियारों के लिए भंडारण सुविधाओं का निर्माण एक जुलाई तक पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि रूस ने बेलारूसी युद्धक विमानों को परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम बनाने के लिए उन्हें उन्नत करने में मदद की है। दोनों पड़ोसी देशों ने आर्थिक, राजनीतिक और सैन्य संबंधों को बढ़ाने के उद्देश्य से एक समझौता किया है।

## ऑफ बीट

# नींद शारीरिक व मानसिक कामकाज के लिए महत्वपूर्ण

भले ही हम पूरी तरह से नहीं समझते हैं कि हम क्यों सोते हैं, हम जानते हैं कि नींद हमारे शारीरिक और मानसिक कामकाज के लिए महत्वपूर्ण है।



तो एक रात की खराब नींद काम पर अगले दिन हमारे प्रदर्शन को कैसे प्रभावित करती है, और हम नींद न आने के किसी भी नकारात्मक प्रभाव का मुकाबला कैसे कर सकते हैं? संगठनात्मक व्यवहार में अनुसंधान ने सही ढंग से काम करने के लिए नींद के महत्व की पहचान की है। उदाहरण के लिए, मैंने और मेरे सहयोगियों ने डायरी अध्ययन किया, जिसमें कर्मचारी कई कार्य सप्ताहों में एक दिन में कई बार सर्वेक्षण पूरा करते हैं। निष्कर्ष बताते हैं कि खराब नींद की तुलना में अच्छे दिनों में (यानी, नींद की बेहतर गुणवत्ता या अवधि) कर्मचारी अपने मुख्य कार्यों में बेहतर प्रदर्शन करते हैं, काम में अधिक व्यस्त रहते हैं, और सहकर्मियों की मदद करने की अधिक संभावना होती है। इस बीच, नींद की कमी से कर्मचारियों के टालमटोल करने और अनैतिक व्यवहार में शामिल होने की संभावना बढ़ जाती है, जैसे किसी और के काम के लिए क्रेडिट का दावा करना। नींद इच्छाशक्ति को प्रभावित करती है

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### भामाशाह त्रिपाठी द्वारा खिलाड़ियों को टी शर्ट वितरित किये गए



गरीबों का सितारा

**गुलाबपुरा / रामकिशन वैष्णव।** जय बाड़ी माता कंस्ट्रक्शन व प्रॉपर्टीज द्वारा खिलाड़ियों को टी शर्ट वितरित किये गए! भामाशाह विनोद कुमार त्रिपाठी ने कहा कि युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने और नशे से दूर रहने के लिए खेल जीवन का आधार है नशे से जीवन बर्बाद हो जाता नशे से हमेशा दूर रहना चाहिए ! जय बाड़ी माता कंस्ट्रक्शन & प्रॉपर्टीज गुलाबपुरा डायरेक्टर विनोद कुमार त्रिपाठी एवम कृष्ण गोपाल त्रिपाठी द्वारा क्रिकेट एवम वॉलीबाल के खिलाड़ियों को टी शर्ट वितरण की गई एवम टी शर्ट लॉन्च के साथ टीम लॉन्च की गई। इस दौरान साथ में नेमीचंद जोशी, पवन सुखवाल, राम लोहार, कैलाश नागला, शैलेश जोशी, तरुण जोजावत, भवानी सिंह, किशन सिंह, अभिषेक सेन,सहित मौजूद थे।

### कांग्रेस सरकार के खिलाफ, विरोधी में जिला कलेक्ट्री के महा घेराव में शामिल होने गये भाजपा कार्यकर्ता



गरीबों का सितारा

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** कांग्रेस सरकार की नाकामीयो के विरोध में स्थानीय क्षेत्र से कई भाजपा कार्यकर्ता भीलवाड़ा जिला कलेक्ट्री का नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी की अगुवाई में महा घेराव में शामिल होने गये ! भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य धनराज गुर्जर के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने बस द्वारा भीलवाड़ा कूच किया गया ! जाने वाले में भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिश शर्मा सहित पदाधिकारी, पार्षदगण, महिला पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चे के अध्यक्ष, पदाधिकारी कार्यकर्ता भीलवाड़ा गये।

### नवनियुक्त भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी का नेशनल हाईवे पर कार्यकताओं ने गर्म जोशी से स्वागत किया



गरीबों का सितारा

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** स्थानीय नेशनल हाईवे पर भाजपा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के गुलाबपुरा आगमन पर भाजपाईयों ने भाजपा नेता धनराज गुर्जर के नेतृत्व में गर्म जोशी से स्वागत किया एवं विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ का भी स्वागत किया गया ! भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी भीलवाड़ा से जयपुर जाते समय अल्प प्रवास के दौरान ठहरे थे ! इस दौरान जिलाध्यक्ष लादु लाल तेली, प्रदेश कार्य समिति सदस्य धनराज गुर्जर, शहर मंडल अध्यक्ष हरिश शर्मा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सावरलाल गुर्जर सहित भाजपा विभिन्न प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, पदाधिकारी व सैकड़ों कार्यकर्तागण मौजूद थे !

### जरूरतमंद परिवारों को दी राशन सामग्री



**भीलवाड़ा।** 80 परिवारों को दी राशन सामग्री सद्भावना सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में स्माइल फाउंडेशन के सहयोग से शांति भवन के प्रांगण में जरूरतमंद जैन परिवारों को राशन सामग्री वितरित की गई जिसमें आटा दाल चावल तेल शक्कर आदि सामग्री रही हो इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्ञान प्रकाश जी सांखला ने की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रमिला जी सूर्या और निर्मला बुलिया रहे ट्रस्ट अध्यक्ष कमला चौधरी ने बताया भगवान महावीर का जन्म कल्याणक आ रहा है उस के उपलक्ष में यह राशन सामग्री दी जा रही है भगवान महावीर का सिद्धांत अहिंसा अपरिग्रह अनेकान्तवाद जीवन में अपनाएंगे तो किसी भी प्रकार की समस्या हमारे जीवन में नहीं आएगी भगवान महावीर ने यह भी कहा कि परस्परोपग्रहों जीवा नाम एक दूसरे की मदद करना जैन धर्म का मूल सिद्धांत है इसी उद्देश्य से सद्भावना सेवा ट्रस्ट स्माइल फाउंडेशन के सहयोग से सदैव सेवा कार्य करता रहा है और भविष्य में करेगा इस कार्यक्रम में आज प्रभा आंचलीया का जन्म दिवस था इनका जन्म दिवस यह राशन सामग्री देकर मनाया गया सभी ने उनके मंगलमय भविष्य की कामना की इस कार्यक्रम में अर्चना चौधरी गाथा चौधरी निर्मला सिंघवी सुनीता पीपाड़ा अरुणा पोखरना भी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने दी मंजूरी किसानों को मिलेंगे निःशुल्क बीज बढेगा बीज उत्पादन - मुख्यमंत्री बीज स्वावलम्बन योजना में 5.89 लाख क्विंटल बीज उत्पादन का लक्ष्य

**जयपुर।** किसानों के कल्याण के लिए संकल्पित राज्य सरकार बीज उत्पादन बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रही है। अब राज्य सरकार 15 करोड़ रुपए की लागत से प्रदेश के 1.25 लाख से अधिक किसानों को उच्च गुणवत्तापूर्ण 35 हजार क्विंटल बीज निःशुल्क उपलब्ध कराएगी। इससे लगभग 5.89 लाख क्विंटल बीज का उत्पादन होगा और किसानों को संबल मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने बीज वितरण और उत्पादन से संबंधित प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। योजना में गेहूं, जौ, चना, ज्वार, सोयाबीन, मूंगफली, मूंग, मोठ एवं उड़द की फसलों के बीज उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे 10 वर्ष से कम अवधि की उन्नत किस्मों की फसलों के बीजों का उत्पादन होगा। इस निर्णय से प्रदेश में उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के उत्पादन में वृद्धि होगी और कृषि उत्पादता बढ़ेगी। 15 करोड़ रुपए की राशि कृषक कल्याण कोष से वहन की जाएगी।

# तैयारी जोरों पर : हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम का किया जाएगा आयोजन

**पुरुषों के साथ महिलाएं भी तैयारियों में जुटी**

**बांदीकुई में प्रथम बार विशेष धूमधाम से होगा हनुमान जन्मोत्सव**

गरीबों का सितारा



**बांदीकुई, हेमंत शर्मा।** शहर में हनुमान जन्मोत्सव पर प्रथम बार बांदीकुई की धरा पर श्री हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाए जाने हेतु अब यह बीड़ा पुरूषों के साथ साथ ही महिलाओं ने भी उठा लिया है , साथ ही आज शहर में हनुमान जन्मोत्सव उप्लक्षय में युथ जहाज मित्र मंडल के सदस्यों ने यात्रा मार्ग में झंडी पताकाएं लगाई। आज शहर में वाईस चेयरमैन राजेश शर्मा, पार्षद रमाकान्त शर्मा, जहाज मित्र मंडल संरक्षक मनोहर हरियाणा, गोकुल अवस्थी, पार्षद नीरज शर्मा, नीरज रावत, बांदीकुई अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्याम अग्रवाल , परशुराम सेवा समिति के संरक्षक रवि पालीवाल, राधे कृष्ण नवयुवक मंडल के अध्यक्ष सतीश यादव, विकास छाबड़ा, राधावल्लभ सेवा समिति के नवींन झालानी, पवन सैन व खाटूश्याम महिला मंडल व युथ जहाज मित्र मंडल सदस्यों ने इस पुनीत कार्य हेतु खाटूश्याम मंदिर पर पाटोत्सव कार्यक्रम में महिला मंडल द्वारा महिलाओं को शोभायात्रा में शामिल होने हेतु पीले चावल बांटे, साथ ही महिला मंडल ने कहा हनुमान जी महाराज हम सबके आराध्य देव है, इसलिए हम सभी को बांदीकुई की भूमि पर प्रथम बार आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होना है, युथ जहाज के संरक्षक सुनील शर्मा व रोहित पाठक ने बताया कि वार्डो में अधिक से अधिक लोगो को शोभायात्रा में शामिल होने हेतु पीले चावल देकर निवेदन किया जा रहा है साथ ही यह भी बताया 5 अप्रैल तक बांदीकुई के व्यापारिक मंडलो को भी शोभायात्रा में शामिल होने हेतु व यात्रा का स्वागत किये जाने हेतु शहर के व्यापारिक मंडलो से भी निवेदन किया जाएगा , शोभायात्रा का प्रारंभ श्री इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर से होगा जो शहर के अनाज मंडी, राजबाजार, आगरा पाठक होते हुए नई सब्जी मंडी स्थित श्री बालाजी मंदिर पहुचेगी, इस अवसर पर अध्यक्ष भोला राजपूत, आकाश भालपुरिया,नमन जैन, संदीप पटेल, जीतू हरियाणा, कुक्कू शर्मा, अमन जैन, हनी जैन, विकास हरियाणा, अस्विन गौड़,आशीष शर्मा, छोटु हरियाणा, महिला मंडल के संगीता शर्मा, सुनीता शर्मा, कविता झालानी, आकांशा सोनी, मोहित जाकड, मोंटी चौबे, सम्मी गुर्जर, भारत मिश्रा, मनोज पाडला, लाला योगी, राहुल तिवारी, शैलेन्द्र अग्रवाल , रूपेश फौजी, श्रीकृष्ण शर्मा, सहित अन्य मौजूद थे।

## पे टू पे सोशल फाउंडेशन पूरे भारत में कर रहा है आम आदमी की मदद

गरीबों का सितारा





**जयपुर (विनोद धायल)।** पे टू पे सोशियल फाउंडेशन भारत सरकार की नीति आयोग से रजिस्टर्ड एनजीओ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत शाहपुरा तहसील के धानोता ग्राम पंचायत के आदर्श विद्या मंदिर में मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग का मुख्य उद्देश्य कन्या की शादी में सहायता राशि और गर्भवती महिला के कन्या जन्म पर सहायता दिलाना है। यह संस्था पूरे भारतवर्ष में मिशन बनकर काम कर रही है । संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभु दयाल शर्मा के आदेशानुसार मुख्य अतिथि ब्रांच मैनेजर रामजी लाल शर्मा, मीटिंग अध्यक्षता एरिया मैनेजर एस एस मीणा फुलेरा के सानिध्य में आयोजित की गई।संस्था के नियम और कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए अनाथ कन्याओं का निशुल्क पंजीकरण के बारे में जानकारी दी गई साथ में एरिया मैनेजर एस.एस.मीणा फुलेरा ने दूरदराज से आए हुए कार्यकताओं को संस्था के प्रति सच्चाई और ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प दिलाया। इस कार्यक्रम में नागौर के एरिया मैनेजर श्रवण कुमार, एरिया कोऑर्डिनेटर धनराज साहो के नेतृत्व में मुख्य कार्यकताओं को उपहार में टी-शर्ट और तीन टेबलेट सम्मानपूर्वक दिए गए। महिला ग्रुप लीडर माया प्रजापत ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देकर महिलाओं को जागरूक किया और कार्य करने का हौसला बढ़ाया। मीटिंग आयोजनकर्ता में समाजसेवी प्रकाश जिंघोनिया, रामधन, कस्तूर मल ,मुकेश, सुभाष सहित समस्त कार्यकताओं की मुख्य भूमिका रही। हाथरस यूपी की सरजमी पे सिल्वर रॉयल्टी जगदीश वर्मा का स्वागत किया गया।बलवीर सिंह,जितिन, ,आकाश,स्नेहा,पायल इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मेडिकल स्टूडेंट्स के शोध अध्ययन हेतु काम आएगी शकुंतला देवी की पार्थिव देह

**परिजनों ने एसपी मेडिकल कॉलेज में किया देहदान**

गरीबों का सितारा





**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी द्वारा मेडिकल कॉलेज में अध्ययरत विद्यार्थियों के शोध हेतु देहदान करने को लेकर सर्व समाज में जागरूकता बढ़ाने को लेकर अथक प्रयास किये जा रहे हैं, इस क्रम में मंगलवार को श्रीमती शकुंतला देवी के निधन के पश्चात उनके परिजनों ने मेडिकल कॉलेज के एनाटोमी विभाग में उनकी पार्थिव देह दान कर एक सकारात्मक संदेश सर्व समाज को दिया है। उल्लेखनीय है कि स्मृतिशेष शकुंतला देवी सामाजिक कार्यों में सक्रिय संस्था सर्व मानव कल्याण समिति की संरक्षक थी। डॉ. रेखा आचार्य ने दिवंगत आत्मा को पुष्पांजलि अर्पित कर शकुंतला देवी के परिजनों को दुःख की घड़ी में ढांढ़स बंधाया, आचार्य ने कहा कि समाज को बेहतर डॉक्टर प्रदान करने के लिए देहदान को लेकर सर्व समाज को जागरूक होना चाहिए। इस दौरान अतिरिक्त प्राचार्य डॉ. रेखा आचार्य, डॉ राकेश मणि, डॉ राकेश रावत, डॉ कविता पाहुजा, डॉ गीता, डॉ जसकरण सिंह , डॉ कालूराम मीणा,डॉ खुशबू जोशी, डॉ कौशल रंगा सहित एनाटोमी विभाग के समस्त कार्मिक एवं यूआईटी सचिव यशपाल आहूजा, सोहन सिंह मान, अनिल अग्रवाल उपस्थित रहे ।

## गुरलाँ में रोड़ किनारे पर खड़े परिवार को बोलेरो को लिया चपेट में पिता व पुत्र की मौत पत्नी घायल

गरीबों का सितारा



**गुरलाँ/ बद्री लाल माली।** नेशनल हाईवे 758 पर स्थित गुरला शिवनगर में बेकाबू बोलेरो ने एक ही परिवार के तीन लोगों को चपेट में ले लिये जिससे पिता की मौके पर ही मौत हो गई बेटा व पत्नी को घायल अवस्था में भीलवाड़ा भेजा गया, उपचार के दौरान पुत्र ने भी दम तोड दिया,भादू निवासी सज्जन सिंह पिता केसव दरोगा 45 वर्ष पुत्र अजित सिंह 6 वर्ष पत्नी कमला तीनों अजित के ननिहाल मुनंड का निमंत्रण देने के लिए गुरलाँ आये थे जहाँ शिवनगर के पास किनारे पर खड़े परिवार को गंगापुर कि तरफ से तेज गति से आ रही बोलरो ने चपेट में ले लिया, जिसके बाद बोलोरो हाईवे से निचे उतर गयी, बोलोरो की चपेट में आने से सज्जन सिंह की मोके पर ही मौत हो गयी वहीं कमला व उसका पुत्र अजित सिंह घायल होगये , जिस सुचना पर कारोई पुलिस मोके पर पहुंच कर बोलोरो को जप्त कर लिया व घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां पिता व पुत्र का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिये।

## जिला बनाने की मांग को लेकर पिछले 15 दिन से अनशन पर चल रहे छाबड़ा का ऊर्जा मंत्री ने अनशन तुड़वाया

गरीबों का सितारा



**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** सूरतगढ़ को जिला बनवाने की मांग को लेकर पिछले एक पखवाड़े से अनशन पर बैठी पूजा छाबड़ा का आज उर्जा मंत्री भंवरसिंह भाटी ने ज्यूस पिलाकर अनशन तुड़वाया। इस मौके पर संभागीय आयुक्त नीरज के पवन,जिला कलक्टर भगवती प्रसाद कलाल,सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ गुंजन सोनी,पीबीएम अधीक्षक डॉ पी के सैनी सहित अनेक जने मौजूद रहे। इस दौरान संभागीय आयुक्त ने बताया कि सरकार की ओर से सकारात्मक आश्वासन दिया गया है। इस मुद्दे को लेकर पूजा छाबड़ा के प्रतिनिधि के रूप में एक शिष्टमंडल ने जयपुर में मुख्यमंत्री के आवास पर मुलाकात की थी। जिसमें प्रतिनिधिमंडल को सूरतगढ़ को जिला बनाने को लेकर सरकार के रवैये को स्पष्ट कर दिया गया। जिसके बाद संघर्ष समिति की बैठक हुई और उसमें यह निर्णय लिया गया कि पूजा छाबड़ा अपना अनशन तोड़े। अनशन तोडे के बाद पूजा छाबड़ा ने कहा कि सीएम के आश्वसान पर ही वे राजी हुई है। अगर सरकार अपने वादे पर खरी नहीं उतरी तो वे फिर से अनशन शुरू करेगी।

**श्री राम भक्त हनुमान परिवार का पन्द्रहवां वार्षिक उत्सव**

## कार्यक्रम स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज हाथोज धाम के सानिध्य में संपन्न हुआ

गरीबों का सितारा





**जयपुर।** श्री राम भक्त हनुमान परिवार का पन्द्रहवां वार्षिक उत्सव गुडवालॉज मैरिज गार्डन, नींदड़ मोड़ हरमाड़ा, सीकर रोड, जयपुर में स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज हाथोज धाम के सानिध्य में संपन्न हुआ। दो दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस मातृशक्ति द्वारा 251 मंगल ध्वज शोभा यात्रा अलौकिक झांकियां निकाली गई वह विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं संतों के आशीर्वचन के साथ 2551 दीपों से महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री राम रिछपाल दास जी महाराज त्रिवेणी धाम, श्री प्रहलाद दास महाराज कुंडा धाम शाहपुरा, चेतन दास महाराज जाहोता सहित अनेक संत महंत उपस्थित रहे। सुंदरकांड पथ मंडल की ओर से रामचरितमानस पुस्तक का निःशुल्क वितरण किया गया तत्पश्चात भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया।

## अब राजस्थान के हर व्यक्ति को मिलेगा स्वास्थ्य का अधिकार, चिकित्सकों की हड़ताल समाप्त

गरीबों का सितारा



**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** बीकानेर। लम्बे समय से राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में निजी चिकित्सकों की चल रही हड़ताल प्राइवेट डॉक्टर्स और गहलोत सरकार के बीच मंगलवार को समझौता होने के बाद समाप्त हो गई है। अब राजस्थान के प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य का अधिकार मिल सकेगा। इससे अब राजस्थान में चिकित्सा सेवाएं सुचारू होने की राह खुल गई है. अब कल सुबह 8 बजे से प्रदेशभर में सभी निजी अस्पताल शुरू हो जाएंगे। समझौता होने के बाद पीएचएनएस सचिव डॉ. विजय कपूर ने इसकी घोषणा की।

### इन बिन्दुओं पर बनी सहमति

समझौते के मुताबिक आरटीएच प्राइवेट मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में लागू होगा। इसके साथ ही पीपीपी मोड पर चलने अस्पतालों और ट्रस्ट के जरिये संचालित होने वाले हॉस्पिटल समेत जिन्होंने सरकार से निश्चुक जमीन ली है वे अस्पताल भी लैंड अलॉटमेंट टर्म के अनुसार इसे लागू करेंगे। 50 बैड के नीचे तक के निजी मल्टी स्पेशलटी हॉस्पिटल पहले ही आरटीएच के दायरे से बाहर हैं। इनके साथ ही ऐसे सभी निजी अस्पताल जिन्होंने सरकार से कोई सहायता नहीं ली वे भी आरटीएच के दायरे से बाहर हैं।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# जनाक्रोश रैली भाजपा के दावे फैल, भीड को पानी की बौछारों से किया तितर-बितर

गरीबों का सितारा

**भीलवाड़ा/ डॉ. चेतन ठठेरा।** भाजपा द्वारा प्रदेश की कांग्रेस की सरकार की नीतियों के खिलाफ आज आयोजित जन आक्रोश रैली और महा घेराव में भाजपा नेताओं के दावे की पोल खुल गई और इस जन आक्रोश रैली और महा घेराव में दावे के 10% भीड़ भी नहीं जुट पाई तथा ज्ञापन के दौरान जबरन कलेक्ट्रेट में घुसने के प्रयास को विफल करने के लिए पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर पानी की बौछारें करके तितर-बितर किया भाजपा प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र राठौड़ ने सरकार और प्रशासन पर पानी की बौछारें करने और लाठीचार्ज कर आंदोलन को कुचलने का आरोप लगाया । भाजपा द्वारा प्रदेश की गहलोत सरकार की जनविरोधी नीतियों प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था पेपर लीक सहित विभिन्न स्थानीय मुद्दों को लेकर आज भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष और चित्तौड़गढ़ के सांसद सीपी जोशी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ और सांसद सुभाष बहेडिया की अगुवाई में शहर और जिले के विधायकों नेताओं पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने जन आक्रोश रैली और मां के राव का कार्यक्रम आयोजित किया था जिला कलेक्ट्रेट के समीप आयोजित कार्यक्रम से पूर्व सभा आयोजित की गई इस सभा को वक्ताओं ने संबोधित करते हुए प्रदेश की कांग्रेस सरकार को जमकर कोसा और साथ ही गहलोत सरकार की नीतियों तथा सरकार में पनप रहे भ्रष्टाचार भीलवाड़ा में कांग्रेस के नेता मंत्री पर अवैध खनन बजरी माफिया जैसे कई संगीन आरोप लगाते हुए संबोधित किया ।





## कैनन वाटर वैन की बौछारें और खदेड़ा

नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी सांसद सुभाष बहेडिया शहर विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी नगर परिषद के सभापति राकेश पाठक भाजपा जिला अध्यक्ष लादूलाल तेली पूर्व जिला अध्यक्ष दामोदर अग्रवाल विधायक गोपाल खंडेलवाल गोपी मीणा जबर सिंह सांखला के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारी और नेता गण जबरदस्ती कलेक्ट्रेट में घुसकर पुलिस द्वारा लगाए गए वेरीकेट और कलेक्ट्रेट की फाटक को लाने का प्रयास करने लगे तो वहां मौजूद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंचल मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों और जवानों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया लेकिन आक्रोशित प्रदर्शनकारी नहीं माने और जबरन बैरीकेट पर चढ़कर अंदर घुसने का प्रयास करने लगे तब अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती चंचल मिश्रा के आदेश पर वाटर वैन से पानी की बौछारें प्रदर्शनकारियों पर करते हुए उनको तितर-बितर किया पानी की बौछार शुरू होते ही प्रदर्शनकारी इधर-उधर भागने लगे ।

## भाजपा नेताओं की खुली पोल

स्थानीय भाजपा नेताओं ने इस कार्यक्रम को लेकर सोशल मीडिया सहित विभिन्न माध्यमों से प्रचार प्रसार किया गया था और दावा किया गया था कि इस जन आक्रोश रैली और महा घेराव में 35000 से अधिक की भीड़ जिले भर से जूटेगी की जिसकी सारी तैयारियां कर ली गई है । लेकिन भाजपा नेताओं के दावों की पोल उस समय खुल गई जब इस कार्यक्रम में उनके किए गए दावों से मात्र 10% भीड़ ही एकत्र हो पाई।

## कलेक्टर मोदी की सहजता, नीचे आए ज्ञापन लेने

नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ और प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने ज्ञापन देने के लिए जिला कलेक्टर को नीचे आने का संदेशा भिजवाया इस पर सहजता से जिला कलेक्टर आशीष मोदी नीचे आ गए और ज्ञापन लिया ज्ञापन देने से पूर्व राठौड़ और सीपी जोशी ने कलेक्टर को स्थानीय मुद्दों को लेकर चर्चा करते हुए उन्हें कहा कि आप डीएमएफटी फंड का पैसा एक ही विधानसभा में लगा रहे हैं यह सही नहीं है विकास सभी जगह होना चाहिए साथ ही अवैध रूप से खनन कार्य हो रहा है इसकी सूचना आपको दी जा चुकी है उसके बाद भी आप द्वारा कार्यवाही नहीं की जा रही है आखिर क्यों दोनों नेताओं ने कहा कि आप इन मुद्दों को दिखाएं और समाधान करें साथ ही इन दोनों नेताओं ने हनुमान जयंती पर डीजे की स्वीकृति नहीं दिए जाने को लेकर भी कहा कि हिंदुओं का त्यौहार है और हनुमान जयंती पर हनुमान चालीसा डीजे पर नहीं बजेगी तो कहां बजेगी आप डीजे के अनुमति क्यों नहीं देते इस पर जिला कलेक्टर ने कहा कि डीजे की परमिशन डीजे गाड़ी के साथ नहीं है अगर किसी वाहन में डीजे रखकर थैला गाड़ी में डीजे रखकर बजाएं तो कोई आपत्ति नहीं है।

## लाठीचार्ज नही हुआ - कलेक्टर मोदी

नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ द्वारा प्रदर्शनकारी भाजपा कार्यकताओं पर पानी की बौछार और लाठीचार्ज करने की बात पर जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने मीडिया को बातचीत में बताया कि लाठीचार्ज नहीं की गई है लेकिन कार्यकर्ता जबरन कलेक्ट्रेट में घुसने का प्रयास कर रहे थे इसलिए उनको रोकने के लिए पानी की बौछारें की गई है अगर लाठीचार्ज किया होता तो किसी के छोटे आई होती और यह किसी से छिपा हुआ आज के सोशल मीडिया के जमाने में नहीं रह सकता था फिर भी मैं इसे दिखाऊंगा और एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा जो ज्ञापन दिया गया है उस ज्ञापन में जो राज्य स्तर की बातें हैं मांग है वह राज्य सरकार को भेजी जाएगी तथा स्थानीय स्तर की जो समस्या और मांग है उसे दिखाकर निदान की कोशिश करेंगे।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### नर्सिंग कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम रामगढ़ एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



गरीबों का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रामगढ़ खंड स्तर पर पीएचसी व सीएचसी पर कार्यरत नर्सिंग कर्मियों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम अमित कुमार वर्मा को ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन के माध्यम से मांग रखी कि राजस्थान द्वारा प्रदेश में चिकित्सा व्यवस्था को बेहतर और आमजन को लाभान्वित करने के लिए चिरंजीवी योजना के बाद आरटीएच बिल कानून बनाया है। राजस्थान सरकार निःसंदेह प्रदेश के आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने का प्रयास कर रही है लेकिन आज भी प्रदेश के बड़े से छोटे चिकित्सा संस्थाओं पर चिकित्सक की अनुपस्थिति में या अन्य विपरीत परिस्थितियों में आमजन को चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पा रही । इसलिए नर्सिंग कर्मियों को जो 4 वर्ष का प्रशिक्षण लेने के बाद प्रदेश के विभिन्न चिकित्सा संस्थाओं में कार्य कर रहे हैं उन नर्सिंग कर्मियों को दवाई लिखने का अधिकार दिया जाए तो निश्चित ही प्रदेश के आमजन को विपरीत परिस्थितियों में बेहतर संचालित सुविधा मिल पाएगी और चिकित्सक की अनुपस्थिति में मरीजों का पूर्ण रूप से इलाज हो पाएगा इस मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा । मिडिया को यह सारी जानकारी रामगढ से अमित कुमार भारद्वाज के द्वारा दी गई है।

### 2 माह से फरार चल रहा मोबाईल चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे

गरीबों का सितारा

**मंडावर -(राहुल जोशी)।** थाना पुलिस ने 2 माह से मोबाइल चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से मोबाइल बरामद किया है। जानकारी के अनुसार 23 जनवरी 2023 को आदर्श कालोनी में से एक बुजुर्ग के हाथो से मोबाइल छीनकर ले जाने वाली घटना को पुलिस के उच्च अधिकारियों ने गंभीरता से लेते हुए थानाधिकारी को मोबाइल चोर गिरफ्तार कर मोबाइल बरामद करने के निर्देश दिए। थानाधिकारी सचिन शर्मा ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशन में टीम ने कार्यवाही कर आरोपी की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी। जिस पर रविवार को मोबाइल चोरी के आरोपी श्रवण मीणा पुत्र दिलीप मीणा उम्र 28 वर्ष निवासी हड़िया थाना महुवा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से मोबाइल बरामद किया। उल्लेखनीय है कि मामले में थाना पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए एक आरोपी सोहिल पुत्र निसार निवासी रोथहडिया थाना महुवा को चोरी की घटना के कुछ देर बाद ही गिरफ्तार कर लिया था।



**ये था मामलाः** 23 जनवरी 2023 को परिवादी राजेश शर्मा पुत्र जगदीश शर्मा निवासी आदर्श कालोनी ने थाना पुलिस में दो बाइक सवारों के खिलाफ मोबाइल छीन कर ले जाने की रिपोर्ट दी थी।

### दिल्ली दरवाजा अलवर पर इंग्लैंड से आए कचरा पात्र और सड़क पर कचरा अलवर का कोई धणी धोरी नहीं है



गरीबों को सितारा

**रुपेश शर्मा।** अलवर में सड़कों पर कचरा और आवारा पशु की भरमार अलवर का कोई धनी धोरी नहीं अलवर प्रशासन और नगर परिषद को निवेदन अपील आग्रह कृपया ध्यान करें अलवर के साथ न्याय करें सफाई करें और यह जो फिनलैंड से आए कचरा पात्र हैं यह किसी काम नहीं आ रहे इनको हटाए और सड़कों पर कचरा ना रहने दे बहुत से स्कूटी वाले और राहगीर यहां पर गिर जाते हैं कचरे से असुविधा होती है बदबू आती है महामारी फैलने का डर है।

### भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी एवं नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ का सुनील कावड़िया ने किया भव्य अभिनंदन एवं स्वागत





**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शहर के निकटवर्ती मसूदा विधानसभा क्षेत्र के युवा, ऊजावान भाजपा नेता सुनील कावड़िया ने भारतीय जनता पार्टी के माननीय प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी एवं नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ का 29 मील चौराहे पर गुलाबपुरा नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज गुर्जर के साथ भव्य अभिनंदन एवं स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें ग्राम पंचायत पडांगा के विकास कार्यों की पुस्तिका भी भेंट की वास्तव में देखा जाए तो ग्राम पंचायत पडांगा में विकास कार्यों की कावड़िया ने गंगा बहाते हुए सदैव तत्पर दिखाई दिए।

# उपखंड अधिकारी के मार्फत राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

गरीबों का सितारा



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शहर के उपखंड कार्यालय में मंगलवार को समस्त पूर्व सैनिक संगठन ब्यावर के तत्वाधान में उपखंड अधिकारी के मार्फत राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा साथ ही ज्ञापन की प्रतिलिपि प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री को भी प्रेषित की गई ज्ञापन में इस बात का उल्लेख था कि देश के सभी 28 लाख पूर्व सैनिकों के साथ ओआरओपी द्वितीय में हुए भेदभाव को लेकर ज्ञापन दिया गया साथ ही इस बात का भी उल्लेख था कि सेना के रिटायर अधिकारी की कुटिल नीति ने ओआरओपी द्वितीय में आर्मी एयरफोर्स नेवी के रिटायर जवान जेसीओ के पेट काटने का काम किया शहीद की वीरांगना है जंतर मंतर दिल्ली में आकर खून के आंसू रोते हैं ओआरओपी द्वितीय में जवान जेसीओ के साथ हुए नाइंसाफी को लेकर देश के जवान जेसीओ का संगठन 20 फरवरी 2023 से लगातार दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं इस धरना प्रदर्शन का समर्थन करते हुए सरकार से ओआरओपी द्वितीय में विसंगतियों को संशोधित करने की मांग करते हैं जिसमें वीरांगनाओं शहीद जवान जेसीओ के पत्नी के फैमिली पेंशन और अधिकारी के फैमिली पेंशन में बहुत बड़ा भेदभाव है इसी तरह अधिकारी के मुकाबले डिसएबल पेंशन में जवान जेसीओ को कोई खास फायदा नहीं यदि देखा जाए तो जवान जेसीओ के सर्विस पेंशन में अधिकारी के मुकाबले कोई खास बढ़ोतरी नहीं , एक विसंगति यह भी है कि इकल एमएसपी एवं अन्य भत्ता बराबर कर जवान जेसीओ के खोए सम्मान को वापस करें सरकार साथ ही इस तरह की विसंगतियों को लेकर समस्त पूर्व सैनिक संगठन ब्यावर के तत्वाधान में ज्ञापन दिया गया ज्ञापन देने वालों में श्रवण सिंह भाटी, प्रदेश उपाध्यक्ष, सैनिक प्रकोष्ठ, कैप्टन रामेश्वर प्रसाद, कैप्टन पंचम सिंह, राधावल्लभ महर्षि, गिरधा काठात, पूर्व सैनिक , रोशन काठात पूर्व सैनिक सहित कई पूर्व सैनिक विद्यमान रहे।

# खाटूश्यामजी नि:शुल्क कम्प्यूटर शिक्षा महिला बैच का भव्य शुभारम्भ एंवअतिथियों का सम्मान



गरीबों का सितारा

**खाटूश्यामजी (विनोद धायल)।** श्री श्याम कंप्यूटर सेंटर पर राज्य सरकार द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए निशुल्क महिला बैच का उद्धघाटन मुख्य अतिथि पार्षद शंकर बलौदा ने फीता काटकर किया गया` समारोह में बंधु एजुकेशन हब के निदेशक सुरेश मावलिया प्रधानाचार्य बंशीलाल कुड़ी , किंग्स एकेडमी के निदेशक महेश शेषमा श्रवण महला , अर्जुन बाजिया आदि के सानिध्य में महिला बैच का भव्य शुभारंभ किया गया` चेयरमैन बाबूलाल सैनी व श्रीमती मोनिका सैनी ने अतिथियों का स्वागत सत्कार किया ओजस्वी वाणी के धनी शंकर बलौदा ने अपने उद्धबोधन में कहा कि महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए यह एक सराहनीय कदम है मैं इसका हृदय से समर्थन करता हू` बन्धु ग्रुप के निदेशक सुरेश मावलिया ने बताया कि नारी शक्ति के इस युग मे बालिकाओं को कम्प्यूटर शिक्षा का ज्ञान देना सर्वोत्तम एवं प्रगतिशील , प्रेरणादायक कदम है` चेयर पर्सन बाबूलाल सैनी व श्रीमती मोनिका सैनी ने मेहमानों को मोमेंटो देकर उनका धन्यवाद ज्ञापित किया अंत में जलपान के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

## मुक्ति का पथ दिखाने महावीर फिर से आओ

# कवि सम्मेलन में कवियो ने सुनाई रचनाएं



गरीबों का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के कठूमर से भगवान महावीर जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ ।इसका आयोजन श्वेताम्बर पल्लीवाल जैन धर्मशाला खेड़ली में किया गया। इस मौके पर जैन समाज के गणमान्य और कवियों के द्वारा माँ सरस्वती व भगवान महावीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया गया। सम्मेलन में ख्याति प्राप्त गायक अभिषेक जैन द्वारा महावीर जी की वंदना की गई। तत्पश्चात आगरा से पधारी कवयित्री ममता वाणी ने सरस्वती वंदना की। कामाँ की वरिष्ठ कवि नानक नवीन ने हास्य से भरपूर रचनाएँ सुनाकर श्रोताओं को लोटपोट कर दिया। वही मुरैना के ओज के हस्ताक्षर णमोकार जैन ने भगवान महावीर के वीरत्व भाव सुना कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। वही सम्मेलन मे अरुण माथुर अधीर, ललित जैन मधुर, किशोर नवगीत और अजीत जैन ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति देकर श्रोताओं का मन मोह लिया कार्यक्रम देर रात्रि तक चला ' कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष योगेश जैन, अशोक जैन, निर्मल जैन, शीतल जैन, डॉ. मनीष जैन, गुड्डू जैन, विनोद जैन सहित जैन समाज की महिला पुरूष सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मिडिया को यह सारी जानकारी कठूमर से अशोक कुमार जैन के द्वारा दी गई है।

# मंत्री टीकाराम को अधिकारियों ने किए स्कॉच अवार्ड भेंट

## जूली ने विभागीय अधिकारियों को किए समर्पित कहा इसका श्रेय विभाग का





गरीबों का सितारा

**युवराज शर्मा, अलवर।** सामाजिक न्याय एवम् अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली को आज विभागीय अधिकारियों ने प्राप्त राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड को जिसमे एक गोल्ड एवं दो सिल्वर अवॉर्ड शामिल है भेट किए। जूली ने यह अवार्ड पुनः विभागीय अधिकारियों को समर्पित किया। उन्होंने बताया कि यह अत्यंत गर्व व प्रसन्नता की बात है कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में सेवाऐं सरलता से सुलभ, पारदर्शी व बाधा रहित तरीके से प्रदान करने के लिए जो नवाचार किए जा रहे हैं उनका विभिन्न चरणों में परीक्षण उपरांत छह प्रमुख नवाचारों को अवार्ड हेतु चुना गया है। जूली ने कहा कि स्कॉच अवॉर्ड राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित अवॉर्ड है, जिसमे सामाजिक



न्याय एवं अधिकारिता विभाग को एक गोल्ड एवं दो सिल्वर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया हैं जो कि विभाग एवं उसके कर्मठ अधिकारियों के लिए बहुत ही सम्मान की बात है। तीन अवार्ड और तीन आर्डर ऑफ मेरिट सर्टिफिकेट मिले हैं। इसका श्रेय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की पूरी टीम को जाता है अतः इन्हें मैं उन्हें ही समर्पित करता हूं। उन्होंने कहा कि इन अवॉर्ड्स के तहत पालनहार योजना अवॉर्ड, उत्तर मेट्रिक छात्रवृत्ति एवं मुख्यमंत्री कन्यादान योजना मे अवॉर्ड दिया गया हैं। इसके अतिरिक्त तीन योजनाओ यथा कोरोना सहायता योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना तथा अनुप्रति योजना को देकर सम्मानित किया गया हैं। उन्होंने कहा कि विभागीय प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलना विभाग के अधिकारियों एवं कार्मिकों की मेहनत, कर्मठता, सकारात्मक सोच एवं सामाजिक न्याय के प्रति समर्पण का प्रतीक हैं । उन्होंने कहा कि पूरी टीम के लिए गर्व की बात है कि विभाग के नवाचारो को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है और योजनाओं में नवाचार को पहचान प्रदान करने हेतु आयोजित राष्ट्रीय स्तर के स्काच अवार्ड डिजीटल सेरेमनी में स्कॉच अवार्ड टीम द्वारा डिजीटल सर्टिफिकेट एवं साइटेशन प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि विभाग अपने 1 करोड़ 10 लाख लाभार्थियों को सुगम, सरल, त्वरित, पारदर्शी बाधारहित गुणवत्तापूर्ण व सुविधाजनक तरीके से लोक सेवाएं एवं प्रतिवर्ष लगभग 12,000 करोड रुपए की आर्थिक सहायता बिना किसी भ्रष्टाचार के सीधा लाभार्थियों के खाते में उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध हैं। इस हेतु विभाग द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग कर तकनीकी नवाचारों के माध्यम से योजनाओं का फायदा लाभार्थियों को पहुचाने के लिए प्रशासनिक प्रक्रियाओं का सरलीकरण व डिजिटलीकरण का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर शासन सचिव डॉ समित शर्मा और निदेशक हरि मोहन मीना उपिस्थत रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## बेन स्टोक्स से लेकर हैरी ब्रूक तक को करोड़ों में खरीदा है फ्रेंचाइजियों ने

# करोड़ों में बिकने वाले ये खिलाड़ी पहले मैच में रहे फ्लॉप

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आईपीएल का रोमांच हर साल बढ़ता जा रहा है। संभवतः यही कारण है कि दर्शकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए दो और फ्रेंचाइजियां पिछले आईपीएल से और जुड़ गईं। हर फ्रेंचाइजी अपनी टीम के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर खिलाड़ियों को खरीदती है कि आईपीएल की ट्रॉफी का सेहरा उनके सिर बंधे। आईपीएल के इस सत्र में देखा गया कि करोड़ों में खरीदे जाने वाले खिलाड़ी अपने पहले ही मैच में फ्लाप साबित हो गए हैं। ऐसे ही कई खिलाड़ी हैं जिन्हें फ्रेंचाइडी ने करोड़ों में खरीदा मगर ये खिलाड़ी न बल्लेबाजी में अपना दम दिखा सके और न ही गेंदबाजी में।

### पंजाब किंग्स के सैम करन : 18.50 करोड़

इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर सैम करन अब तक आईपीएल में बिकने वाले सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। दिसंबर, 2022 में हुए मिनी ऑक्शन में पंजाब किंग्स ने इंग्लैंड के ऑलराउंडर को 18.50 करोड़ की भारी कीमत देकर टीम में शामिल किया था लेकिन 16वें सीज़न के पहले ही मैच में सैम करन कुछ खास नहीं कर पाए। बल्लेबाज़ी में वो 26 रन बना सके। गेंदबाजी में 4 ओवर के स्पेल में 38 रन देते हुए 1 विकेट ले पाए।





### लखनऊ सुपर के केएल राहुल : 16 करोड़

*केएल राहुल को लखनऊ सुपर जाएंट्स ने 16 करोड़ रुपये में खरीदा था। हालांकि पहले मैच में राहुल बल्ले से पूरी तरह से फेल नजर आए। उन्होंने दिल्ली के खिलाफ पहले मैच में सिर्फ 8 रन बनाए।*



### हैदराबाद के हैरी ब्रूक : 13.25 करोड़

आईपीएल 2023 के लिए सनराजर्स हैदराबाद ने इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज़ी हैरी ब्रूक को 13.25 करोड़ी की कीमत देकर टीम में शामिल किया था। अपने पहले ही मैच में ब्रूक पूरी तरह फ्लॉप दिखाई दिए। राजस्थान के खिलाफ मैच में ब्रूक ने बल्लेबाज़ी करते हुए 21 गेंदों में महज़ 13 रन बनाए। इस मैच में हैदराबाद को 72 रनों से शिकस्त झेलनी पड़ी थी।

### सीएसके के बेन स्टोक्स : 16.25 करोड़

इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स को चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2023 के लिए 16.25 करोड़ की भारी कीमत देकर टीम में शामिल किया था। अपने पहले ही मैच में स्टोक्स कुछ खास नहीं कर पाए। बल्लेबाज़ी करते हुए स्टोक्स ने 6 गेंदों में महज़ 7 रन बनाए।

### मुंबई इंडियंस के कैमरून : 17.50 करोड़

पांच बार आईपीएल विजेता मुंबई इंडियंस ने 2022 में हुए मिनी ऑक्शन में स्टार ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन को 17.50 करोड़ा की भारी कीमत देकर खरीदा था। आरसीबी के खिलाफ खेले गए अपने पहले ही मैच में बल्लेबाज़ी करते हुए उन्होंने 4 गेंदों में महज़ 5 रन बनाए। इसी प्रकार 2 ओवर गेंदबाजी कर 30 रन खर्चे। उन्होंने सिर्फ एक विकेट अपने नाम किया।

## खबर संक्षेप



### राफेल नडाल ने मोंटे कार्लो मास्टर्स से नाम वापस लिया

**मोनाको।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने क्ले कोर्ट पर होने वाले मोंटे कार्लो मास्टर्स से नाम वापस ले लिया। उन्होंने कहा कि अभी वह शीर्ष स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम नहीं हैं। ग्रैंड स्लैम के 22 बार के चैंपियन नडाल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद से ही कूल्हे की चोट के कारण बाहर हैं। मोंटे कार्लो मास्टर्स टूर्नामेंट आठ अप्रैल से शुरू होना है। नडाल ने यह टूर्नामेंट रिकॉर्ड 11 बार जीता है। नडाल ने ट्विटर पर लिखा मैं अपने करियर के सबसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट में से एक मोंटे कार्लो मास्टर्स में नहीं खेल पाऊंगा। मैं अभी अपनी पूरी क्षमता से खेलने की स्थिति में नहीं हूं। मेरी तैयारियां चल रही हैं और उम्मीद है कि मैं जल्द वापसी करूंगा।

### आईपीएल पर फिर मंडराया कोरोना का साया



**नई दिल्ली।** तीन साल के लंबे इंतजार के बाद अपने पुराने फॉर्मेट में लौटे आईपीएल 2023 पर कोरोना का साया फिर से मंडराने लगा है। भारत के पूर्व खिलाड़ी और मशहूर कमेंटेटर आकाश चोपड़ा कोरोना की चपेट में आ गए हैं। आकाश ने अपने ट्विटर हैंडल पर कोविड पॉजिटिव पाए जाने की जानकारी दी है। उन्होंने लिखा, कोविड ने मुझे फिर से बोल्ड कर दिया है। मैं सी वायरस की चपेट में फिर से आ गया हूं। हालांकि, काफी हल्के लक्षण हैं और स्थिति पूरी तरह से कंट्रोल में है। कुछ दिन कमेंट्री ड्यूटी से दूर रहूंगा।



### राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन संजीता चानू पर चार साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों में दो बार की चैंपियन भारतीय भारोत्तोलक संजीता चानू पर पिछले साल डोप परीक्षण में असफल रहने के कारण राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अनुशासन पैनल ने चार साल का प्रतिबंध लगाया है। संजीता पिछले साल सितंबर-अक्टूबर में गुजरात में राष्ट्रीय खेलों के दौरान परीक्षण में एनाबॉलिक स्टेरॉयड-ड्रोस्तानोलोन मेटाबोलाइट के लिए पॉजिटिव पाई गई थी, जो विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की प्रतिबंधित सूची में शामिल है। प्रतियोगिता के दौरान 30 सितंबर 2022 को डोप परीक्षण के लिए उनका नमूना लिया गया था।

### आईपीएल: 6 विकेट से दी मात, शमी-राशिद ने लिए 3-3 विकेट

# सुदर्शन की अर्धशतकीय पारी से गुजरात ने दिल्ली को हराया

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन के बाद साई सुदर्शन की नाबाद 62 रन की सूझबूझ पारी के दम पर गत चैम्पियन गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग टी-20 मुकाबले में मंगलवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को 11 गेंद शेष रहते छह विकेट से शिकस्त दी। सुदर्शन ने 48 गेंद की नाबाद पारी में चार चौके और दो छक्के जड़ने के साथ चौथे विकेट के लिए विजय शंकर (23 गेंद में 29 रन) के साथ 44 गेंद में 53 रन और पांचवें विकेट के लिए डेविड मिलर (16 गेंद में नाबाद 31 रन) के साथ 29 गेंद में 59 रन की अटूट साझेदारी की। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 162 रन बनाये। गुजरात ने 18.1 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। एनरिक नॉर्किया ने गुजरात के लिए चार ओवर में 39 रन देकर दो विकेट चटकाये। खलील अहमद और मिशेल मार्श को 1-1 सफलता मिली। इससे पहले हरफनमौला अक्षर पटेल की 22 गेंद में 36 रन की पारी के दम पर दिल्ली ने सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। दिल्ली के लिए कप्तान डेविड वॉर्नर ने 32 गेंद में 37 और सरफराज खान ने 34 गेंद में 30 रन बनाये लेकिन यह दोनों बल्लेबाजों ने संघर्ष किया और रन गति को बढ़ाने में नाकाम रहे। अक्षर ने अपनी पारी में दो चौके और तीन छक्के जड़े।



उन्हें अभिषेक पोरेल का अच्छा साथ मिला 20 साल के पोरेल ने 11 गेंद की पारी में दो छक्के की मदद से 20 रन बनाकर प्रभावित किया। गुजरात के लिए मोहम्मद शमी और राशिद खान ने तीन-तीन विकेट लिये। शमी हालांकि महंगे साबित हुए। उन्होंने चार ओवर में 41 जबकि राशिद ने इतने ही ओवर में ही 31 रन खर्च किये। अलजारी जोसेफ ने चार ओवर में 29 रन देकर दो विकेट लिये। जोसेफ ने अपनी बाउंसर गेंदों से दिल्ली के बल्लेबाजों को काफी परेशान किया। लक्ष्य का बचाव करने उतरी दिल्ली के लिए सरफराज की जगह 'इंपैक्ट प्लेयर' खलील अहमद ने गेंदबाजी की शुरुआत की। रिद्धिमान साहा (14 रन) ने खलील के खिलाफ दो चौके और एक छक्का जबकि शुभमन गिल ने मुकेश कुमार के खिलाफ दो चौके जड़ दो ओवर में 22 रन बना टीम को आक्रामक शुरुआत दिलायी। एनरिक नॉर्किया ने तीसरे ओवर की पहली गेंद पर साहा को बोल्ड करने के बाद पांचवें ओवर में इसी अंदाज में गिल को पवेलियन भेजा। इसी ओवर में हालांकि साइ सुदर्शन से छक्का जड़ा।

उन्होंने अगले ओवर में खलील के खिलाफ चौका जड़ जिससे टीम के रनों का पचासा पूरा हुआ लेकिन बायें हाथ के इस गेंदबाज ने हार्दिक पंड्या को विकेट के पीछे कैच कराकर दिल्ली को बड़ी सफलता दिलायी। पावरप्ले में दिल्ली का स्कोर तीन विकेट पर 54 रन था। इसके बाद जोश लिटिल की जगह 'इंपैक्ट प्लेयर' विजय शंकर मैदान पर उतरे। सुदर्शन एक छोर से दौड़ कर रन लेने पर ध्यान दे रहे थे तो शंकर ने नौवें ओवर में मुकेश और शंकर ने 10वें ओवर में कुलदीप, 11वें ओवर में मार्श और 12वें ओवर में खलील के खिलाफ चौके लगाकर जरूरी रनगति को बढ़ने नहीं दिया।



### धोनी ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली।** आईपीएल के 16वें सीजन का छठा मैच चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच खेला गया। इस हाई स्कोरिंग मुकाबले में चेन्नई ने लखनऊ को 12 रन से शिकस्त दी। आईपीएल 2023 में यह चेन्नई सुपर किंग्स की पहली जीत है। लखनऊ सुपर जायंट्स के विरुद्ध हुए इस मुकाबले में सीएसके के कप्तान एमएस धोनी ने खास उपलब्धि हासिल की। धोनी दूसरे ऐसे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं जिनके नाम यह उपलब्धि दर्ज की गई है।

#### रैना पहले, धोनी दूसरे भारतीय बल्लेबाज

लखनऊ के खिलाफ मैच में एमएस धोनी ने अपने आईपीएल करियर में 5 हजार रन पूरे किए। धोनी ने 3691 गेंद पर आईपीएल में 5 हजार रन पूरे किए हैं। वैसे आईपीएल में गेंदों के हिसाब से भारत की तरफ से सबसे तेज 5 हजार रन पूरे करने का कीर्तिमान सुरेश रैना के नाम है।

# रॉयल्स के हौसले बुलंद आज पंजाब से भिड़ंत



- पहली बार गुवाहाटी में हो रहा आईपीएल का मैच शाम 7 :30 बजे से होगा शुरू

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शानदार जीत से आत्मविश्वास से भरी राजस्थान रॉयल्स अपनी संतुलित टीम के दम पर आज बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स के खिलाफ एक बार फिर मजबूत प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगा। आज गुवाहाटी में होने वाले मुकाबले के रोमांचक होने की उम्मीद है। यह मैच रॉयल्स का 'घरेलू' मैच होगा और पूर्वोत्तर को पहली बार आईपीएल मुकाबले की मेजबानी का मौका मिलेगा।

### रॉयल्स ने हैदराबाद को जमकर पछाड़ा

पिछले साल के उप विजेता रॉयल्स ने 72 रन की जीत के दौरान रविवार को हैदराबाद की टीम को खेल के हर विभाग में पछाड़ा। सलामी बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल और इंग्लैंड के सीमित ओवरों के कप्तान जोस बटलर तथा कप्तान संजू सैमसन के अर्धशतकों से रॉयल्स के बल्लेबाजों ने दबदबा बनाया। युवा यशस्वी ने 37 गेंद में 54 रन की पारी खेली। बटलर ने पिछले सत्र की फॉर्म को बरकरार रखते हुए 22 गेंद में 54 रन की पारी खेली। मध्य क्रम में हालांकि देवदत्त पडिक्कल और रियान पराग सस्ते में आउट हुए लेकिन वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायर ने टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया।

### रॉयल्स की बैटिंग और गेंदबाजी में धार

रॉयल्स की बल्लेबाजी में जहां गहराई है वहीं उसकी गेंदबाजी भी बेहद मजबूत है। रॉयल्स की गेंदबाजी भी मजबूत नजर आती है। टीम के पास बोल्ट के रूप में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक है। इसके अलावा दो दिग्गज भारतीय स्पिनर चहल और अश्विन भी टीम का हिस्सा हैं।

# मां बनने के बाद वापसी पर पहला मैच हारी स्वितोलिना

एजेंसी ▶▶| चार्लेस्टन

दो बार की ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनलिस्ट एलिना स्वितोलिना के लिए मां बनने के बाद कोर्ट पर वापसी आसान नहीं रही और उन्हें चार्लेस्टन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में तीन सेट तक चले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

विश्व की पूर्व नंबर तीन खिलाड़ी लेकिन अभी 1081वें नंबर पर काबिज स्वितोलिना दो घंटे, 46 मिनट तक चले मुकाबले में यूलिया पुतिनत्सेवा से 6-7 (3), 6-2, 6-4 से हार गई।



### अन्य मैचों के परिणाम

दिन के अन्य मैचों में 2017 की अमेरिकी ओपन चैंपियन सलोनी स्टीफंस ने क्वालीफायर लुईसा चिरिको को 3-6, 6-1, 6-2 से। सत्रह वर्षीय लिंडा फ्रुहविर्टोवा ने जिल टीचमैन को 6-2, 3-6, 6-2 से। अन्ना कालिंस्काया ने एनाहेलिना कलिनिना को 7-6 (6), 6-4 से। क्वालीफायर कैथरीन सेबोव ने लॉरेन डेविस को 4-6, 6-1, 6-2 से हराया।

# ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड या भारत नहीं, बांग्लादेश के नाम दर्ज हुआ टेस्ट क्रिकेट का सबसे अनोखा रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टेस्ट फॉर्मेट को क्रिकेट का असली और सबसे मुश्किल फॉर्मेट माना जाता है। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच क्रिकेट इतिहास का सबसे पहला टेस्ट मैच खेला गया था। इस वक्त आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नंबर-वन पर ऑस्ट्रेलिया, नंबर-2 पर इंडिया और नंबर-3 पर इंग्लैंड की टीम मौजूद है, लेकिन बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने टेस्ट फॉर्मेट में एक ऐसा रिकॉर्ड बनाया है, जो दूसरी कोई टेस्ट क्रिकेट टीम नहीं कर पाई है।



#### 11 टीमों के खिलाफ खेला टेस्ट मैच

दरअसल, बांग्लादेश क्रिकेट टीम कुल ग्यारह टीमों के खिलाफ टेस्ट मैच खेलने वाली दुनिया की पहली क्रिकेट टीम बन गई है। बांग्लादेश आयरलैंड की मेजबानी कर रहा है। आज 4 अप्रैल से 8 अप्रैल के बीच इन दोनों टीमों के बीच एक टेस्ट मैच की सीरीज खेली जा रही है। ऐसे में आयरलैंड ग्यारहवीं टेस्ट टीम बन गई है, जिसके खिलाफ बांग्लादेश ने टेस्ट मैच खेला हो। ऐसा करने वाली बांग्लादेश दुनिया की पहली टेस्ट टीम बन गई है।

**पहला टेस्ट मैच भारत संग 2000 में खेला :** बांग्लादेश ने अपना पहला टेस्ट मैच भारत के खिलाफ सन 2000 में खेला था। इसके अलावा बांग्लादेश ने ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, साउथ अफ्रीका, श्रीलंका, वेस्टइंडीज और जिम्बॉब्वे के खिलाफ भी टेस्ट मैच खेला है।

### चेन्नई, गुजरात, हैदराबाद, पंजाब में आई जान

# आईपीएल खेलने भारत पहुंचे साउथ अफ्रीकी क्रिकेटर्स

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आईपीएल 2023 की शुरुआत हो चुकी है। टूर्नामेंट का पहला मैच 31 मार्च को खेला गया था और अब तक कई मैच हो भी चुके हैं। शुरुआती मैचों में कई साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी नीदरलैंड्स के खिलाफ वनडे सीरीज़ के चलते अपनी-अपनी आईपीएल टीमों का हिस्सा नहीं बना पाए थे। नीदरलैंड्स के खिलाफ वनडे सीरीज़ 2 अप्रैल को खत्म होते ही साउथ अफ्रीकी प्लेयर आईपीएल 2023 के लिए इंडिया पहुंच गए हैं। इस लिस्ट में सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान एडन मार्करम समेत कई खिलाड़ी मौजूद हैं।

### इन फ्रेंचाइज़ी को मिली राहत


आईपीएल टीम गुजरात टाइटंस, सनराइजर्स हैदराबाद, चेन्नई सुपर किंग्स, और पंजाब किंग्स को बड़ी राहत मिली है। इन फ्रेंचाइजियों कर टीम में मौजूद अफ्रीकी खिलाड़ी इंडिया पहुंच गए हैं। टीम के लिए अगले मैचों से उपलब्ध रहेंगे।

### सनराइजर्स हैदराबाद

सनराइजर्स हैदराबाद की टीम को अफ्रीकी खिलाड़ियों को भारत पहुंचे से सबसे ज़्यादा राहत मिली। भारत आने वाले अफ्रीका खिलाड़ियों में टीम कप्तान एडन मार्करम भी हैं। मार्करम की गैरमौजूदगी में भुवनेश्वर कुमार ने टीम की कमान संभाली थी। हैदराबाद के लिए एडन मार्कर, मार्को जेनसन और हेनरिक क्लासेन तीन साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी टीम से जुड़ गए हैं।

### गुजरात टाइटंस

डेविड मिलर भारत पहुंच गए हैं। आईपीएल 2022 में टीम के लिए कई अहम पारियों को अंजाम दिया था। उन्होंने टीम के लिए 17 मैचों में फिनिशर भी भूमिका अदा करते हुए 481 रन बनाए थे।



### पंजाब किंग्स

अफ्रीका के तेज़ गेंदबाज़ कगीसो रबाडा आईपीएल 2023 के लिए पंजाब किंग्स से जुड़ गए हैं। रबाडा टीम के लिए मुख्य तेज़ गेंदबाज़ की भूमिका अदा करेंगे।

### लखनऊ सुपर जायंट्स

साउथ अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज़ क्विंटन डी कॉक आईपीएल 2023 के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स से जुड़ गए हैं। आईपीएल 2022 में डी कॉक शानदार लय में दिखाई दिए थे।

### चेन्नई सुपर किंग्स

तेज़ गेंदबाज़ सिसंदा मगाला भी आईपीएल 2023 के लिए अपनी टीम चेन्नई सुपर किंग्स के लिए जुड़ गए हैं। मगाला को चेन्नई ने चोटिल काइल जैमीसन की जगह टीम का हिस्सा बनाया है।

### दिल्ली कैपिटल्स

अफ्रीकी तेज़ गेंदबाज़ लुंगी एंगीडी और एनरिक नॉर्किया आईपीएल 2023 के लिए दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ गए हैं।

# फ्रेंच ओपन और विंबलडन में नहीं खेलेंगी गर्बाइन मुगुरूजा

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी गर्बाइन मुगुरूजा ने कहा कि वह टेनिस से लंबा विश्राम लेंगी और इस दौरान फ्रेंच ओपन और विंबलडन में नहीं खेल पाएगी। मुगुरूजा ने इस साल 30 जनवरी के बाद कोई मैच नहीं खेला है। उन्होंने इस वर्ष जो चार मैच खेले उन सभी में उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

स्पेन की इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने 2016 में सेरेना विलियम्स को हराकर फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। उन्होंने 2017 में वीनस विलियम्स को पराजित करके विंबलडन चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था।



### परिवार के साथ समय बिता रही

गर्बाइन ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि वह इस सत्र में क्ले कोर्ट और ग्रास कोर्ट के टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेगी। मुगुरूजा ने कहा मैं अपने परिवार और दोस्तों के साथ समय बिता रही हूं और यह वास्तव में बहुत शानदार है इसलिए मैं इस अवधि को गर्मियों तक बढ़ाने जा रही हूं।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# भाजपा नेता डॉ पंकज गुप्ता को दुर्भावना वश 151 में गिरफ्तार करने के विरोध में पुलिस अधीक्षक एवं एडीएम सिटी को दिया ज्ञापन

गरीबों का सितारा

रुपेश शर्मा। हिंदू संगठन, भारतीय जनता पार्टी और ब्रजभूमि कल्याण परिषद के कार्यकताओं के तत्वधान में आज दिनांक 4 अप्रैल 2023 को डॉ पंकज गुप्ता को दुर्भावना वर्ष गिरफ्तार करने के विरोध में पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा एवं एडीएम सिटी को शहर कोतवाल द्वारा 12 मार्च 2023 को, शहर कोतवाली में दर्ज मुकदमे में कार्यवाही ना करने और उसके ही मुलजिम के द्वारा पुनः धार्मिक भावना भड़काने का कृत्य करने की सूचना देने पर कार्यवाही ना करके भाजपा नेता और ब्रजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ पंकज गुप्ता के खिलाफ ही दिनांक 30 मार्च 2023 को कोतवाली पुलिस के थाना अधिकारी द्वारा, दुर्भावना वश, तथ्य हीन और गलत कार्यवाही करते हुए ब्रजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय संयोजक और भाजपा नेता डॉ पंकज गुप्ता को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया था, जो कार्यवाही गलत थी, अनैतिक थी, तथ्यहीन थी इसके विरोध में यह ज्ञापन प्रस्तुत किया, और शहर कोतवाली के थाना अधिकारी के विरुद्ध , अनुशासन की कार्यवाही करने के लिए और उस दिन डॉ पंकज गुप्ता के खिलाफ की गई 151 की कार्यवाही को निरस्त करने के लिए ज्ञापन प्रस्तुत किया।





## ज्ञापन में प्रस्तुत तथ्यों के अनुसार

1. रामपाल महाराज के कार्यकताओं के द्वारा सनातन धर्म हिंदू समाज के धर्म ग्रंथों की गलत विवेचना कर अनर्गल बातें लिखने और दुष्प्रचार करने और हिंदू धर्म ग्रंथों का दुष्प्रचार कर हिंदू धर्मावलंबियों की आस्था पर चोट करने के कारण दिनांक 12 मार्च 2023 को शहर कोतवाली अलवर में कुछ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया था पुलिस थाना कोतवाली शहर अलवर के द्वारा कार्यवाही कर कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया था और उनके ऊपर जांच प्रक्रिया चालू है.

2. इस बीच दिनांक 30 मार्च 2023 को पुनः इन्हीं रामपाल के अनुयायियों के द्वारा अखेपुरा तिराया करणी माता मंदिर के रास्ते प्रताप बंध रोड पर कैनोपी लगा कर हिंदू धर्म की भावना को आघात करने वाला साहित्य वितरण करने की सूचना ब्रजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ पंकज गुप्ता के सामने आई. कर्णी माता रोड से हिंदू संगठन के कार्यकर्ता संदीप योगी ने फोन पर डॉ पंकज गुप्ता को इसकी सूचना दी।

3. ऐसी सूचना मिलने पर डॉ पंकज गुप्ता ने सीआईडी में कार्यरत मनोज सोनी जी से मोबाइल पर बात की तो उन्होंने कहा कि आप इसकी सूचना उप अधीक्षक और मुकामी थाने को दो और इसके लिए उन्होंने दोनों उप अधीक्षक ग्रामीण और अलवर सिटी के नंबर भी व्हाट्सएप पर डॉ पंकज गुप्ता को दिए. इसके बाद डॉ पंकज गुप्ता ने पुलिस उप अधीक्षक सरिता सिंह जी और पुलिस उप अधीक्षक ग्रामीण दोनों के नंबर पर उन्हें फोन पर इस प्रकरण की सूचना दी, तथ्य यह भी है कि इस समय तक डॉ पंकज गुप्ता मालवीय नगर आदर्श विद्या मंदिर सेवा भारती द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में थे और उन्होंने वहां से मौके के लिए रवानगी की और इस बीच ही उन्होंने यह फोन की प्रक्रिया की इसका मतलब यह है की डॉ पंकज गुप्ता उस प्रकरण में जिस प्रकरण में पहले से ही मुकदमा दर्ज है के ऊपर कार्यवाही करने और उन्हीं लोगों के द्वारा गलत साहित्य वितरण को रोकने की पुलिस से निवेदन कर रहे थे और उनका कोई इरादा शांति भंग करने का नहीं था. , पुलिस को सूचना के बाद ही डॉ पंकज गुप्ता साहित्य वितरण वाली स्थान अखेपुरा कर्णी माता रोड प्रताप बंद पहुंचे लेकिन वहां पर मुकामी पुलिस तब तक नहीं थी. ऐसा देखकर डॉ पंकज गुप्ता ने वही गलत साहित्य वितरण वाले स्थान से कोतवाली पुलिस के एक सिपाही से बात की और उन्हीं से नंबर लेकर के फिर शहर कोतवाली के थानाधिकारी राजेश शर्मा जी से फोन पर बात की उन्हें हिंदू धर्म के विरुद्ध अनर्गल दुष्प्रचार के साहित्य के वितरण को रोकने का निवेदन किया और बताया कि इन सबके खिलाफ पहले से ही मुकदमा दर्ज है तो इस हिंदू धर्म के खिलाफ दुष्प्रचार वाले साहित्य के वितरण को तुरंत रोका जाए, ऐसा सुनकर फोन पर थानाधिकारी राजेश शर्मा ने कहा कि आप रुको मैं वहीं आ रहा हूं।

4. वहां मौके पर बहुत सारे हिंदू धर्म के कार्यकर्ता मौजूद थे जो गलत प्रचार करने वाले रामपाल महाराज के अनुयायियों को उस गलत साहित्य को वितरण करने से रोक रहे थे जिसमें हिंदू धर्म ग्रंथ भगवत गीता के बारे में गलत लिखा गया है उन कार्यकताओं ने दुष्प्रचार करने वाले लोगों से कुछ किताबें भी उनसे लेकर इकट्ठे कर ली के मुकामी पुलिस आ रही है और वह उस गलत साहित्य को पुलिस को सुपुर्द करेंगे।

5. मुकामी पुलिस शहर कोतवाली अलवर के थाना अधिकारी राजेश शर्मा पुलिस जाब्ते के साथ वहां पर पहुंचे तो, डॉ पंकज गुप्ता और उनके साथ हिंदू संगठनों के कार्यकताओं ने बताया कि यह लोग इस प्रकार से गलत साहित्य बांट रहे हैं और हमारी धार्मिक भावना के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं और धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।

6. उधर दुष्प्रचार करने वाले लोगों ने एक कोई एसडीएम की अनुमति का कागज उन्हें दिखाया, वह साहित्य वितरण की अनुमति नहीं थी बल्कि 1 दिन पूर्व 29 मार्च 2023 की, वाहन प्रवेश की अनुमति थी. चुकी वहां पर, नवरात्रा के दौरान करणी माता का मेला लग रहा था तो पुलिस द्वारा बैरिकेट्स लगाए हुए थे पुलिस द्वारा कंट्रोल करने के लिए ने वाहन को निकलने की अनुमति दी गई थी या गलत प्रकार से उस वाहन प्रवेश की अनुमति को भी फर्जी बनाया गया था यह जांच का विषय है लेकिन उस तथाकथित 29 मार्च 2023 की वाहन निकलने की अनुमति को उन्होंने गलत प्रकार से पेश किया, पुलिस ने उस गलत प्रकार की वाहन प्रवेश की अनुमति को ही साहित्य वितरण की अनुमति मानते हुए तथ्यों की सही प्रकार से जांच नहीं की और शिकायतकर्ता ब्रजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ पंकज गुप्ता को बिना कोई जांच किए दुर्भावना वश गिरफ्तार किया और उनके खिलाफ दुर्भावना रखते हुए 151 में कार्यवाही की उन्हें गिरफ्तार किया और जो हिंदू धर्म की धार्मिक भावना को भड़काने वाला साहित्य जप्त करना था उस साहित्य को जप्त नहीं किया बल्कि उस साहित्य को हिंदू संगठन के कार्यकताओं से वापस लेकर दुष्प्रचार करने वाले लोगों को ही वापस दिलवा दिया. और उस गलत साहित्य के वितरण में मुकामी पुलिस खुद शामिल हो गई.

7. मुकामी पुलिस एवं थानाधिकारी राजेश शर्मा द्वारा मौके पर हिंदू धर्म के खिलाफ अनर्गल और गलत साहित्य वितरण करने वालों को रोका भी नहीं गया और जो ज्ञानगंगा करके किताब है जिसमें भगवत गीता के बारे में गलत तथ्य पेश किया गया है जिससे हिंदू धर्म की भावना का आहत होती है को थानाधिकारी राजेश शर्मा ने बिना कुछ जांचे परखे 1 मिनट में यह कह दिया कि इस किताब में कुछ गलत नहीं है, जबकि उस किताब में भगवत गीता के बारे में गलत लिखा गया है और दुष्प्रचार करने वालों को वह किताबें वापस दे दी उनको जप्त नहीं किया उनके खिलाफ कार्यवाही नहीं की उनको गिरफ्तार नहीं किया बल्कि शिकायतकर्ता डॉ पंकज गुप्ता को ही दुर्भावना वश गिरफ्तार किया.

8. इस कार्यवाही से डॉ पंकज गुप्ता, जो कि समाज के एक प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं, समाजसेवी है जो अनेक समाजसेवी कार्यो में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं को गहरा मानसिक आघात लगा है और उनकी मानहानि हुई है, मानसिक रूप से उन्हें प्रताड़ित किया गया, थाने में बिठा के रखा गया, उनके ऊपर गलत आरोप लगाए गए हैं गलत प्रकार से दुर्भावना वश उनको गिरफ्तार किया गया जिसके कारण उनको, उसी दिन अउद्ध नवीन यादव के सामने पेश होकर जमानत लेनी पड़ी. कार्यकताओं ने मांग की के गलत कार्यवाही करने पर कोतवाली पुलिस के थाना अधिकारी के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की जाए और 151 की जो कार्यवाही डॉ पंकज गुप्ता के विरुद्ध की गई थी उसको निरस्त किया जाए, जो मुकदमा 12 मार्च 2023 को डॉ पंकज गुप्ता द्वारा दर्ज किया गया था तो उसके ऊपर कार्यवाही की जाए और रामपाल महाराज के जो अनुयाई शहर में जगह-जगह हिंदू धर्म के खिलाफ गलत प्रचार कर रहे हैं धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश कर रहे हैं उस साहित्य को तुरंत जप्त किया जाए उनको , गलत साहित्य के वितरण से रोका जाए और थानाधिकारी के विरुद्ध अनुशासन की कार्यवाही की जाए. इस मौके पर ब्रजभूमि कल्याण परिषद के प्रदेश संयोजक निर्मल सुरा, कैप्टन उमराव लाल सैनी, अश्वनी जावली, प्रेम प्रकाश शर्मा, मनोज शर्मा, हरिराम शर्मा, लखन जोशी, राजकुमार, पंडित नाथूलाल शास्त्री अशोक, संदीप शर्मा, यशवंत कुमार गुप्ता, हरि सिंह चौधरी, खुशीराम, एडवोकेट डॉक्टर राजकुमार गुर्जर, अमित कश्मीरी, यशोधन पाराशर, रोहन लोहार, जितेंद्र राठौर आदि अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नारायणी माता अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण धर्मशाला का लिया जायजा





गरीबों का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** नारायणी माता अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण धर्मशाला निर्माण विकास समिति के अध्यक्ष खैराती लाल शर्मा बल्देवगढ़ के सानिध्य में अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष अलवर दीनदयाल शर्मा के आगमन पर साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसी के साथ धर्मशाला के कार्य सामग्री का भी जायजा लिया गया। इस दौरान मूलचंद बामनवास, कल्याण सहाय बिरकड़ी,शिशुपाल बल्देवगढ़, कैलाश, घनश्याम, सुनील, विशंभर, रामोतार,



एमसीसीए विनोद शर्मा आदि समाजबंधु उपस्थित थे। मिडिया को यह सारी जानकारी गोलाकाबास से रितिक शर्मा के द्वारा दी गई है।

# नवनियुक्त रमेश मावे वाले राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष ने किया आभार प्रकट

गरीबों का सितारा

**बस्सी(रामफूल मीणा)।** मंगलवार को अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश बसवाला के निवास स्थान पर पहुंचे नवनियुक्त रमेश मावे वाले राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष ने कैलाश बसवाला का आभार व्यक्त किया और कैलाश बसवाला ने बताया कि नवनियुक्त राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष नियुक्त होने पर रमेश मावेवाले को किया नियुक्त किए जाने हरियाणा ब्राह्मण समाज की और से शुभकामनाओ सहित उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं और साथ ही साथ जो राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचन्द कोटोत्या ने जो जिम्मेदारी राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष रमेश मावे वाले को दी है में आशा करता हूं कि उसको बड़ी जिम्मेदारी के साथ निभाएंगे और साथ ही साथ समाज को साथ लेकर चलेंगे राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष रमेश मावेवाले ने कैलाश जी बस वाला के निवास पर पहुंचकर आभार प्रकट किया और ढोल



नगाड़ों के साथ स्वागत किया और साथ ही साथ 101 किलो की माला व साफा बंधवाकर भव्य सम्मान व स्वागत किया गया और वहां पहुंचने के साथ सभी युवाओं सम्मान किया बताया की में समाज हित में पुरजोर समाज में फैल रही है और समाज को एक नई दिशा व दशा देंगे समाज में फैल रही कुरीतियों और फिजूलखर्ची सहित अन्य मामलों को लेकर समाज में जागरूक करूंगा और इस दौरान युवाओं में साथ रहे लालचंद, भागचंद जैनावत, दिनेश बापलावत, शंकर कुलचाणिया, रामकरण ,सूरज ,राजू कुलचाणिया, रतन कुलचाणिया, विकास पालावाला सहित दर्जनों की संख्या में युवाओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार प्रकट किया और इस दौरान कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भाजयुमो राज. प्रदेशाध्यक्ष हिमांशु शर्मा और एसटी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष जितेन्द्र मीणा मिले राष्ट्रीय एसटी आयोग के अध्यक्ष हर्ष चौहान से

गरीबों का सितारा

**बस्सी (रामफूल मीणा)** । भाजयुमो राज. के प्रदेशाध्यक्ष हिमांशु शर्मा और एसटी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष जितेन्द्र मीणा मिले राष्ट्रीय एसटी आयोग के अध्यक्ष हर्ष चौहान से मिले और बताया की मावली की पीड़िता के परिजनों को मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दे सरकार और इस दौरान हिमांशु शर्मा और मीणा ने कहा की एसटी के प्रकरणों में घोषित किए मुआवजे या देय मुआवजे की जानकारी कर उनकी क्रियान्विति सुनिश्चित हो- जितेन्द्र मीणा ने बताया कि दिल्ली भाजपा राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी के निर्देश पर भारतीय जनता युवा मोर्चा, राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष हिमांशु शर्मा और एसटी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष जितेन्द्र मीणा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय एसटी आयोग के अध्यक्ष हर्ष चौहान से दिल्ली में मिला और प्रतिनिधि मंडल ने हर्ष चौहान को ज्ञापन देकर राजस्थान में एसटी समाज के ऊपर लगातार हो रहे हमलों से भी अवगत करवाया साथ ही साथ हाल में ही में उदयपुर के मावली में हुई एक बच्ची की जघन्य हत्या का हवाला देते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हिमांशु शर्मा ने कहा की राजस्थान में कांग्रेस सरकार के बनने के बाद से ही अपराधों में अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई है और पिछले साढ़े चार सालों में राजस्थान की जनता में भय और अपराधियों में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है, जो शर्मनाक है और इसी क्रम में राजस्थान में एससी-एसटी समाज के लोगों में भी भय का वातावरण बना हुआ



है। दलित वर्ग पर हमले, हत्या, दुष्कर्म आदि घटनायें आम हो गयी है और मावली में एक दलित बच्ची के घर से लापता होने पर परिवार की और से प्राथमिकी दर्ज करवाई गई लेकिन कानून की लचर व्यवस्था के कारण उस बच्ची को ढूंढने के प्रयास नहीं किए गए और कुछ दिन बाद ही उसका क्षत विक्षत शव मिला। ये राजस्थान में कानून की लचर स्थिति दशार्ने के लिए काफी है। शर्मा ने मांग की है कि एसटी आयोग, राजस्थान सरकार को पीड़िता के परिजनों की मांग के अनुसार मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने हेतु आदेशित करें और एसटी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष जितेन्द्र मीणा ने बताया कि अनुसूचित जाति और जनजाति समुदाय के खिलाफ अत्याचार और दुष्कर्म के मामलों के बढने से समाज भयभीत है और राजस्थान में आए दिन इस तरह के घिनौने कृत्य बढ़ रहे हैं, और सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही। सरकार ने एससी एसटी समुदाय को भगवान भरोसे छोड़ा हुआ है और कानून की और से सुनवाई बिल्कुल नहीं होती। मीणा ने एसटी आयोग के अध्यक्ष से मावली में हुई घटना में कानून की लचरता पर राजस्थान सरकार से जवाब तलब करने और इसके अलावा एससी एसटी समुदाय के प्रकरणों में आज तक घोषित किए मुआवजे या देय मुआवजे की जानकारी कर उनकी क्रियान्विति सुनिश्चित करवाने की मांग की है और एसटी आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष हर्ष चौहान ने प्रतिनिधि मंडल की बातों को गंभीरता से लेते हुए इन मामलों में जल्द ही राजस्थान सरकार को निर्देशित करने का आश्वासन दिया और इस एसटी आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष से कई मुद्दों को लेकर चर्चा कि गई।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com